

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 8 अगस्त 2023 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-131 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 9 अगस्त 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप



हे राम...

**रायपुर,8 अगस्त।** राजधानी के आजाद चौक (ब्राह्मणपारा) स्थित उद्यान में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा से ऐनक (चश्मा) गायब है। बिना चश्मा के बापू की प्रतिमा कहीं भी नहीं है। इसी चश्मा की तस्वीर स्वच्छ भारत अभियान के प्रचार में किया गया है। जबकि मूर्ति से ही चश्मा गायब है। ज्ञात हो कि कई बार शरारती तत्वों ने राष्ट्रपिता की प्रतिमा को काला चश्मा पहना दिया था। रायपुर की संभवतः यह प्रतिमा उपेक्षा की शिकार है। ये वही बापू हैं जिनके नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंकी जाती है।

### ठेकेदार के ऑफिस में ईडी का छापा

**कोरबा,8 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में ईडी की छापेमारी जारी है. इसी बीच कोरबा से बड़ी खबर है. ईडी ने ठेकेदार नरेश वर्मा (बी.बी वर्मा) के ऑफिस में छापेमारी की है. ट्रांसपोर्ट नगर स्थित ऑफिस में टीम ने दबिश दी है. ईडी के 8 अधिकारी 2 वाहन से पहुंचे हैं. टीम ठेकेदारी से जुड़े कागजात खंगाल रही है. कोरबा जिले में लगातार ईडी की कार्रवाई जारी है.

### करंट से 6 मवेशियों की मौत

**दुर्ग,8 अगस्त।** जिले के पाटन के अंतर्गत तुलसी गांव में 6 मवेशियों की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। बीते 3 अगस्त को यहां तेज आंधी-तूफान में पेड़ गिरने से बिजली के तार भी टूटकर खेत में गिर गए थे। बिजली विभाग ने लाइन को डिस्कनेक्ट नहीं किया था। बिजली की तारें खेत में गिरी हुई थीं। सोमवार सुबह यहां रहने वाला यादव परिवार अपने मवेशियों को चराने के लिए गया था। घास चरते-चरते उसके मवेशी उस खेत की ओर चले गए, जहां पर बिजली की तार टूटकर गिरी थी। अचानक 6 मवेशी तार की चपेट में आ गए। करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पशुओं को मरा देख चारागाह ने गांववालों को बुलाया। घटना के बाद मामले की शिकायत पुलिस से किया गया। सूचना मिलने पर बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और विद्युत सप्लाई को बंद किया। उसके बाद मरे हुए मवेशियों को वहां से हटाया गया। मवेशियों की मौत के लिए बिजली विभाग के कर्मचारी जिम्मेदार हैं। उनकी इस लापरवाही से किसी इंसान की भी जान जा सकती थी।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल में गिरा प्लास्टर, महिला घायल

**अंबिकापुर,8 अगस्त।** जिले के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अचानक खिड़की का प्लास्टर भरभरा कर गिर गया। इस भयानक हादसे में 'वार्ड आया' युवती घायल हो गई है, जिसका इलाज जारी है। ये युवती पुरुष सर्जिकल वार्ड हुई 'वार्ड आया' काम कर रही थी। जिस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हादसा हुआ वो जिला अस्पताल के बिल्डिंग में संचालित है। बताया जा रहा है कि, पुरुष सर्जिकल वार्ड में वार्ड आया काम कर रही थी, तभी खिड़की का प्लास्टर वार्ड आया के सिर पर भरभरा कर गिर गया। इससे आया के सिर पर गंभीर चोट आई है। फिलहाल डॉक्टरों ने आया के सिर पर टाका लगाने के बाद सिटी स्कैन कराने की सलाह दी है।

## पोस्टिंग घोटाले में मंत्री चौबे ने दिए एफआईआर के निर्देश



**रायपुर,8 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

सहायक शिक्षक पदोन्नति का मामला लगातार बढ़ते ही जा रहा है। इस को लेकर शिक्षामंत्री रविन्द्र चौबे ने मंत्रालय में अधिकारियों के साथ बैठक की है। इस बैठक में अधिकारियों को नए सिरे से पोस्टिंग कराने और दोषी अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए है।

ममला शिक्षक प्रमोशन का है जिसकी संशोधित लिस्ट पहले ही जारी की जा चुकी है। अब इसे रद्द करने का आदेश दिया गया है। वहीं इस मामले के खुलासे के बाद कुछ जेडी को निलंबित भी किया गया था अब उनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे ने मंत्रालय में अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें सभी संभागों के कमिश्नर को जांच करने के आदेश दिए थे जिसके बाद रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और संरगुजा के संयुक्त संचालक के खिलाफ जांच रिपोर्ट में गड़बड़ी पाई। कुछ को सस्पेंड भी कर दिया गया। जारी हुए संशोधन लिस्ट को भी तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का ओदश मंत्री चौबे ने अधिकारियों को दिया है।

इन अधिकारियों पर कार्यवाहीः संजय पुरी गोस्वामी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धरसींवा जिला रायपुर,के कुमार, तत्कालीन संयुक्त संचालक रायपुर निलंबित,डीएल ध्रुव, सहायक संचालक संभागीय शिक्षा कार्यालय रायपुर, आर के वर्मा, प्राचार्य डाइट रायपुर,ऊषा किरण खलखो, सहायक संचालक शिक्षा संभागीय कार्यालय रायपुर,शैल सिन्हा, सहायक संचालक शिक्षा संभागीय कार्यालय रायपुर,एस के गेंदेले विकास खंड शिक्षा अधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा,सीएस ध्रुव, जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा

## विद्यार्थियों को जीएसटी से मुक्त करने सीएम का सीतारमण को पत्र

**रायपुर,8 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर जीएसटी प्राधिकरण द्वारा पेईंग गेस्ट के रूप में रूम में एवं हॉस्टल में रहने वाले छात्रों के किराए पर 12 प्रतिशत जीएसटी के अतिरिक्त भार से मुक्त करने के संबंध में बात रखी है। मुख्यमंत्री ने इस पत्र में लिखा है कि जीएसटी अग्रिम निर्णय प्राधिकरण द्वारा हाल ही में 12 प्रतिशत जीएसटी भुगतान के आदेश से गरीबों व निम्न मध्यम वर्ग के पालकों के लिए 12 प्रतिशत जीएसटी के अतिरिक्त भार उठाने में अत्यंत कठिनाई होगी, क्योंकि पहले से ही गरीब और निम्न वर्ग महंगाई की मार से पीड़ित है। मुख्यमंत्री बघेल ने वित्त मंत्री सीतारमण को लिखे पत्र में कहा है कि प्राधिकरण के इस निर्णय से यह भी संभव है कि अनेक गरीब प्रतिभावान छात्रों को अपने मूल निवास स्थान वापस लौटने के लिए विवश होना पड़े। मुख्यमंत्री ने वित्त मंत्री से अनुरोध करते हुए केन्द्र सरकार के स्तर से हस्तक्षेप कर हॉस्टल में रहने वाले छात्रों को 12 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त भार से पहले की तरह मुक्त करने और संबंधित अधिकारियों को इसके लिए निर्देशित करने की बात कही है।



रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर के पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित दास्तान-ए-आजादी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## किलोल पत्रिका खरीदी मामला सरकार ने विधानसभा भेजी रिपोर्ट

**रायपुर,8 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

सरकार ने किलोल बाल पत्रिका की खरीदी मामले की सारी जानकारी विधानसभा को भेज दी है. बताया गया है कि पत्रिका खरीदी के लिए आजीवन सदस्य बनाए जाने के आदेश को नियम विरुद्ध माना गया है. चर्चा है कि स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉक्टर आलोक शुक्ला भी घेरे में आ सकते हैं. कहा जा रहा है कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत प्रकरण को आगे की जांच के लिए विधानसभा की कमेटी को भेज सकते हैं. विधानसभा के आखिरी सत्र में किलोल बाल पत्रिका खरीदी पर काफी बवाल मचा था. स्कूलों की लाइब्रेरी के लिए, पुस्तकों में से एक किलोल और बाल पत्रिका की खरीदी प्रक्रिया में अनियमितता के आरोप लगे थे. पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर में आरोप लगाया था कि निजी लोगों पर भी दबाव डालकर किलोल पत्रिका खरीदने के लिए मजबूर किया गया है. विधानसभा अध्यक्ष ने विभाग से पत्रिका खरीदी की पूरी जानकारी हफ्ते भर में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे. सूत्रों के मुताबिक इसकी शिक्षा विभाग ने पूछताछ की और खरीदी की पूरी जानकारी विधानसभा अध्यक्ष को भेज दी है. यहां बताया गया है कि पुस्तकों की खरीदी के लिए समग्र शिक्षा प्रबंध संचालक ने आदेश जारी किए थे. बताया गया है कि न सिर्फ किलोल बल्कि अन्य पुस्तकों की खरीदी की गई है. पुस्तकों की खरीदी के लिए शिक्षकों की कमेटी बनायी गई थी. कमेटी की अनुशंसा पर पुस्तकों की खरीदी की गई है चर्चा है. जारी आदेश में सदस्यता के लिए 10, हजार रुपये खर्च करने के निर्देश दिए गए थे.

इस पूरे मामले में स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे ने माना है कि अकेले किलोल पत्रिका की खरीदी के लिए आजीवन सदस्यता लेने का DPI का आदेश त्रुटिपूर्ण था. कहा जा रहा है कि किलोल के प्रकाशन से लेकर खरीदी प्रक्रिया में स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. आलोक शुक्ला की सीधी भूमिका रही है. चर्चा है कि इस अनियमितता पर वो ही घेरे में आ सकते हैं. डॉ. शुक्ला को मई में ही एक साल की संविदा नियुक्ति दी गई थी.

## भाजपा ने सड़कों पर घूमने वाली गौमाता की व्यवस्था करने 15 अगस्त तक दिया अल्टीमेटम

**रायपुर,8 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में आए दिन सड़क हादसों में आवारा मवेशियों की दुर्घटना में मौत हो रही है और लोग भी हादसे का शिकार हो रहे हैं. वहीं बीजेपी ने इसको लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है और प्रशासन को चेतावनी दी है. नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि 15 अगस्त तक सड़कों पर घूमने वाली गौमाताओं की व्यवस्था नहीं की गई तो सरकारी दफ्तरों में गौमाता को छोड़कर आएंगे. इसपर कांग्रेस ने पलटवार किया है. सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बीजेपी मुद्दा ढूंढ रही है. गायों के लिए, हमारी सरकार बेहतर काम कर रही हैं, जिससे बीजेपी बौखला गई है. नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बने पौने पांच साल हो गए, गौमाता और मवेशी खुलेआम घूम रहे हैं और किसानों के फसल बर्बाद हो



रहे हैं. इससे रोज दुर्घटनाएं हो रही है. हम प्रशासन को चेतावनी देना चाहते हैं. जांजगीर चांपा जिले में बीजेपी और किसान मोर्चा ने ऐलान किया है कि 15 अगस्त तक अगर सड़कों से गोमाताओं को गौठानों में नहीं भेजा गया. शासन के रोका-छेका अभियान में करोड़ों रुपये खर्च हो गए, इस अभियान में भ्रष्टाचार हो रहा है. चंदेल ने आगे कहा कि सरकार को हमारी चेतावनी है और प्रशासन को आगाह करना चाहते हैं कि 15 अगस्त के पहले गोमाताओं को गौठानों में रखा जाए. उनकी पूरी व्यवस्था की जाए, अन्यथा बीजेपी और किसान मोर्चा के कार्यकर्ता जांजगीर जिले से इसकी शुरुआत करेंगे की गौ माताओं को एकत्र कर नगर पालिका ऑफिस, एसडीएम ऑफिस , थानों और कलेक्टर ऑफिस में ले जाकर छोड़ देंगे. नारायण चंदेल की चेतावनी पर कांग्रेस ने पलटवार किया है. कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जैसे भूसे में सुई ढूंढते हैं वैसे ही बीजेपी मुद्दा ढूंढ रही है. गायों के लिए, हमारी सरकार बेहतर काम कर रही है. जिससे भारतीय जनता पार्टी बौखला गई है, अपने आपको चर्चा में बनाए रखना चाहती हैं.

## 30 जून को रिटायर हुए सरकारी कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि

**रायपुर,8 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग द्वारा 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों को 01 जुलाई को एक वेतन वृद्धि देकर सेवानिवृत्त परिलाभ दिए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेशानुसार इस संबंध में संबंधित प्रकरणों में 90 दिवस की समयावधि में याचिकाकर्ताओं के सेवानिवृत्त परिलाभों में संशोधन एवं एरियर्स राशि भुगतान किए जाने की कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित विभाग को जारी किए गए हैं। वित्त विभाग द्वारा इस संबंध में सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, राजस्व, खनिज, मत्स्य विभाग को महाधिवक्ता कार्यालय बिलासपुर द्वारा जारी आदेश से संबंधित याचिकाओं में शामिल याचिकाकर्ता, उनके कार्यालय एवं विभाग की सूची प्रेषित करते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही करने कहा है। सूची में उल्लेखित कर्मचारियों के सेवानिवृत्त परिलाभों को संशोधित कर अंतर की राशि का एरियर्स सहित भुगतान किए जाने की कार्यवाही संबंधित कार्यालय एवं विभाग द्वारा किया जाना है। वित्त विभाग द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि महाधिवक्ता कार्यालय बिलासपुर द्वारा रिट पिटिशन में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा 10 जुलाई 2023 को दिए गए आदेश की प्रति संलग्न कर प्रेषित की गई है, जिसमें याचिकाकर्ताओं को 90 दिवस के समयावधि में एक जुलाई को प्राप्त होने वाले वेतन वृद्धि को जोड़कर सेवानिवृत्ति परिलाभ एरियर्स सहित भुगतान किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### आत्महत्या करने पहुंचे कांग्रेस नेता को पुलिस ले गई

**रायगढ़,8 अगस्त।** कांग्रेस नेता ने जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा किया । कांग्रेस नेता दरअसल आत्महत्या करने पर आमादा थे और उन्हें पुलिस और प्रशासन के लोग रोकने समझाने में लगे थे ।काफी देर तक रोकने समझाने के बाद कांग्रेस नेता का गुस्सा ठंडा हुआ और वो प्रशासन के साथ रेस्ट हाउस पहुँचे। मामला खरसिया का है और हाईप्रोफाइल पॉलटिकल फैमिली से जुड़ा हुआ है। दरअसल सोमवार को कभी कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे बालक राम पटेल के बेटे नीरज पटेल खरसिया रक्सा पाली के पास मांड नदी के पूल से छलांग लगाकर जान देने आए थे इस बात की सूचना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को मिल गयी और इससे पहले की नेता जी पूल से छलांग लगाते वहां प्रशासनिक अमला पहुंच गया और उन्हें समझाने में जुट गया लेकिन कांग्रेस नेता नीरज पटेल किसी की बात मानने को तैयार नहीं थे और पूल से छलांग लगाने तैयार थे ।



### शिक्षक की मांग स्कूल में तालाबंदी

**राजिम,8 अगस्त।** जिले के नवीन प्राथमिक शाला तर्रा में शिक्षक की कमी के चलते ग्रामीणों और शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने मिलकर तालाबंदी कर दिया है। शिक्षक की कमी के चलते तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। इस स्कूल में कुल 66 बच्चों है और 66 बच्चों के कक्षा में पहली से पांचवी तक केवल 1 ही शिक्षक पदस्थ है। ग्रामीणों शिक्षक की मांग को लेकर स्कूल के गेट पर ताला लगाकर अपनी मांगों को लेकर डटे हुए है।

फीफा महिला विश्व कप 2023, पिछली दो बार की चैंपियन यूएस बाहर

## उलटफेर के साथ विजेता बनने का जारी है संघर्ष

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

इन दिनों फुटबाल का खेल भले ही हमारे देश में कम लोकप्रिय है लेकिन पूरी दुनिया में वह सबसे चहेते खेल के रूप में जाना जाता है। इसकी वजह खेल की अवधि अधिक से अधिक 120 से 140 मिनट का होना, खेल में रफ्तार होना, खिलाड़ी में दमखम और ताकत होना, खिलाड़ी का पूरी तरह तंदुरुस्त रहना तो है लेकिन इन सबसे बढ़कर फीफा (याने फेडरेशन इंटरनेशनल डी फुटबाल एसोसिएशन या बोलचाल में फुटबाल का अंतर्राष्ट्रीय फेडरेशन होना है।) की महत्वपूर्ण भूमिका है। फीफा द्वारा पूरी दुनिया में फुटबाल की महिला, पुरुष, युवक, युवती,क्लब और महाद्वीपीय स्पर्धा का आयोजन किया जाता है। प्रत्येक आयोजन की देखरेख फीफा के द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा की जाती है। अतः किसी टूर्नामेंट में पक्षपात, अन्याय की शिकायत उभरकर आना संभव नहीं है। इसका प्रमाण इन दिनों में आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड की संयुक्त मेजबानी में जारी फीफा महिला विश्वकप चैंपियनशिप है। 1991 से चीन में आरंभ इस टूर्नामेंट में 24 टीम को मुख्य मुकाबले के लिए प्रवेश दिया जाता है जिसे इस खेल के प्रति महिलाओं में बढ़ती दिलचस्पी के कारण 2023 से 32 कर दिया गया है। चौकानेवाला परिणाम रहा 2015 से लगातार विजयी और वर्तमान चैंपियन संयुक्त राज्य अमेरिका का इस मुकाबले से बाहर होना। इसमें शामिल टीमों को चार-चार करके आठ समूह में विभक्त किया गया था। समूह ए में स्वीट्जरलैंड, नार्वे, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, समूह बी में आस्ट्रेलिया, नाइजीरिया, कनाडा, रिपब्लिक आफ आयरलैंड, समूह सी में जापान, स्पेन, जाम्बिया, हैती, समूह ई में नीदरलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका, पुर्तगाल, वियतनाम, समूह एफ में फ्रांस, जमैका, ब्राजील, पनामा, समूह जी में स्वीडन, दक्षिण अफ्रीका, इटली, अर्जेंटीना साथ ही समूह एच में कोलंबिया, मोरक्को, जर्मनी, दक्षिण कोरिया शामिल थे। नाकआउट राउंड में स्पेन ने स्वीट्जरलैंड, नीदर लैंड ने दक्षिण अफ्रीका, जापान ने नार्वे को, स्वीडन ने संयुक्त राज्य अमेरिका, इंग्लैंड ने नाइजीरिया, आस्ट्रेलिया ने डेनमार्क को पराजित करके क्वार्टर फायनल में प्रवेश किया। खेलकूद के संसार में यह कभी भी कहा नहीं जा सकता है कि कोई खिलाड़ी या टीम अजेय है। कुछ ऐसी स्थिति यहां पर हुई।

1991 से आरंभ इस चैंपियनशिप में चार बार की विजेता यूएस की टीम को स्वीडन ने पेनाल्टी किक के माध्यम से पछाड़कर मैदान से बाहर कर दिया। समूह के मुकाबले में संयुक्त राज्य की टीम दूसरे स्थान पर थी। वर्तमान विजेता ने वियतनाम को 3-0 से हराया और पुर्तगाल से 0-0, नीदरलैंड से 1-1 की बराबरी पर रहे। अतः यह बात स्पष्ट है कि वर्तमान चैंपियन इस स्पर्धा में शुरू से ही विजेता जैसा प्रदर्शन करने में नाकामयाब रही। संयुक्त राज्य की टीम ने तीन मैच में सिर्फ चार गोल दागे और एक गोल उन पर हुए। कोविड-19 के दौर को बीते बहुत समय हो चुका इसलिए कह नहीं सकते कि उनके अभ्यास पर कितना असर पड़ा होगा लेकिन राउंड आफ 16 में स्वीडन ने उन्हें पेनाल्टी के माध्यम से शिकस्त देकर इस चैंपियनशिप के लिए तथा विजेता टीम के विरूद्ध शानदार खेल दिखाने का निश्चय कर लिया था। मजेदार बात यह है कि मैच के दौरान गोल की ओर संयुक्त राज्य की टीम ने 22 निशाने लगाए जबकि स्वीडन ने सिर्फ 9 निशाने लगाए। याने गेंद पर नियंत्रण 58 प्रतिशत संयुक्त राज्य का रहा। इस परिस्थिति में कहा जा सकता है कि स्वीडन की टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी को काफी गंभीरता से लिया और आक्रमण बनाए रखते हुए अपने गोल की सुरक्षा में कोई कमी नहीं की। लेकिन 120 मिनट तक जब दोनों टीम बराबरी पर थी तब पेनाल्टी किक ने विश्व विजेता के खिलाड़ियों की पोल खोल दी। नौ कार्नर मिलने से स्पष्ट है कि संयुक्त राज्य ने अपने विपक्षी स्वीडन पर दबाव बनाया था लेकिन इसे वे गोल में नहीं बदल सके। इस संघर्षपूर्ण मुकाबले के बाद कहा जा सकता है कि स्वीडन के खिलाड़ियों की मानसिक एकाग्रता प्रतिद्वंद्वी टीम से अधिक थी। वैसे भी विश्व वरीयता के आधार पर 9 जून 2023 के अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका की टीम को पहला जबकि स्वीडन को तीसरी वरीयता प्राप्त है। अतः दोनों टीम के लिए यह मुकाबला फायनल की तरह ही था। स्वीडन ने अपनी श्रेष्ठता साबित की और अन्य देशों, टीमों तथा खिलाड़ियों को इस कहावत को चरितार्थ कर दिया कि प्रतिद्वंद्वी को कभी भी कमजोर नहीं समझना चाहिए।

### फिल्म में भगवान शिव को कचौड़ी खरीदते दिखाने का विरोध

**उज्जैन,8 अगस्त।** फिल्म ओ माय गॉड-2 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म रिलीज होने से पहले ही विवादों में आ गया है। इस फिल्म में भगवान शिव को कचौड़ी खरीदते दिखाया गया है। फिल्म के इस सीन को लेकर महाकाल के पुजारियों में आक्रोश है।महाकाल के पुजारियों का कहना है कि सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को ए सर्टिफिकेट दिया है जिससे यह समझा जा सकता है कि इस फिल्म में अश्लील दृश्य है।


16वीं पुण्यतिथि



जन्म 11.02.1931 निर्वाण- 08-08.2007

स्व.नेतराम जी जैन

तुम न जाने किस, जहां में खो गए
हम भरी दुनिया, में तन्हा हो गए।।

आज 16वीं पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं

श्रद्धावनत्
प्रदीप जैन,राजेंद्र जैन,रूपकुमार जैन, राजेश जैन
सिमगा-छत्तीसगढ़

## एक नजर

### बाबा दरबार धनोरा में 21 अगस्त को शिव जी का अभिषेक

**कवर्धा, 8 अगस्त।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में सावन माह के पावन पर्व पर हर साल भांति इस साल भी बड़े धुम धाम के साथ महावीर उद्यान में बैठे भगवान भुतभावन भोलेनाथ जी का अभिषेक हवन पुजा पाठ श्री लक्ष्मण बाबा जी एवं पंडित श्री गिरिराज शर्मा के द्वारा विधी विधान के साथ 21 अगस्त सोमवार को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक किया जाएगा दोपहर 1 30 बजे से नवजागृती महिला मानस मंडली गया नगर दुर्ग के बहनो के द्वारा मानस गान एवं शिव जी का भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा एवं शाम 4 बजे से खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु दरबार में बैठक किया गया जिसमें दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी विनोद कुमार साहू जी राजू यादव नंद पंडा नारायण भोलू साहू चीन्टू साहू मनोज पटेल गज्जू रायपुरीया बबलू साहू जीवराखन ठेकेदार दिनेश साहू बाबू लाल साहू ठेकेदार डां धनेशवर साहू सतीश साहू गायक तोमन गजपाल दानू साहू नंदू साहू टीकम गुमान साहू मारियल प्रमोद सेन कल्याण देवांगन एम लाल देवांगन कुंजलाल साहू चन्द्र कांत देवांगन रुपलाल साहू गुलाब साहू मनसुखा साहू कुंभकरण पटेल चेतन साहू वासुदेव सपरे उपसरपंच सुनील कहार मुनना गंधर्व जीवराखन ठेकेदार दिनेश साहू ओमकार साहू हेमंत तेली भजन गायक हरीश रैकवार कुणाल साहू संदीप सेन योगेश साहू बबलू साहू श्रीमती बबीता साहू ललीता यादव सुनीता साहू नीरा साहू अंजू देवांगन लक्ष्मी साहू देवश्री साहू देवकी साहू संगीता सपरे हितेश पटेल कौशिल्या सेन दशरी बाई पटेल टीकेशवरी साहू दुर्गा साहू नीरा साहू कु डिम्पल साहू कु पुजा कु बेदू साहू कु सुरुचि कु नेहा साहू कु निशा सेन कु विननी साहू श्रीमती सुलोचना ठाकुर मुनना गंधर्व आदि भकत गन मौजूद रहे यह जानकारी दरबार प्रति नीधी चंन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

### कलेक्टर ने फसल बीमा योजना के प्रचार के लिए कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**कवर्धा, 8 अगस्त।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने उद्यानिकी उत्पादक किसानों के लिए संचालित पुनर्गठित मौसम अधारित फसल बीमा योजना की रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर श्री महोबे ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि किसान भाई समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए तत्काल अपनी फसलों का बीमा कराएं। जिससे विपरीत परिस्थिति आने पर बीमा आवरण का लाभ मिल सके एवं हानि से बच सकें। कलेक्टर के साथ वन मंडलाधिकारी चुड़ामणि सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल और उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक आर.एन पाण्डेय सहित बीमा कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ टीम काशीपुर रवाना

**भिलाई, 8 अगस्त।** दिनांक 8 से 13 अगस्त 2023 तक काशीपुर (उत्तराखंड) में होने वाली सीनियर राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम में निम्नलिखित खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिनके नाम इस प्रकार है :- पुरुष वर्ग सूरज मालिक (59 किलो वर्ग), जयदीप साहू (66 किलो वर्ग), जे भागवत राव (74 किलो वर्ग), ब्लेसन बास्को (83 किलो वर्ग), सी मोहन कुमार (93 किलो वर्ग), महिला वर्ग :- शिखा निषाद (52 किलो वर्ग) ममता रजक (57 किलो वर्ग), संतोषी माँझी (63 किलो वर्ग), डी भाविक (84+ किलो वर्ग), छत्तीसगढ़ टीम के प्रशिक्षक मयंक सोनी तथा प्रबंधक कृष्णा साहू होंगे । पाँच दिनो तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में किया जाएगा । छत्तीसगढ़ टीम की अंतरष्ट्रिय महिला खिलाड़ी (गुंडाधुर व राजीव पांडेय अवारडी) तथा पुरुष खिलाड़ी सी मोहन कुमार से पदक की पूरी उम्मीद है । यह जानकारी टीम के प्रबंधक अंतरराष्ट्रीय पॉवर लिफ़्टर, गुंडाधुर, विक्रम व हनुमान सिंह अवॉर्डि कृष्णा साहू ने दी है।

सीएम ने दी गुलदस्ता भेंटकर बधाई

# गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को जन्मदिन पर बधाई देने उमड़ा जनसैलाब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 अगस्त।** प्रदेश के गृह,जेल, लोक निर्माण, धर्मस्व, पर्यटन व कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू को जन्मदिन पर रविवार को बधाई देने जनसैलाब उमड़ा। उनका हर कोई समर्थक व शुभचिंतक उन्हे बधाई देने उत्साहित रहा। फलस्वरुप गृह मंत्री साहू के दुर्ग स्थित मीनाक्षी नगर आवास में सुबह से ही समर्थकों की भीड़ उमड़ी।जहां ताम्रध्वज साहू के समर्थकों व शुभचिंतकों ने उन्हे फूलमाला पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर को यादगार बनाने समर्थकों द्वारा श्री साहू को अपने-अपने अंदाज में शुभकामनाएं दी गई। कई समर्थकों ने उनके जन्मदिन पर केक काटा, तो कई लोगों द्वारा ताम्रध्वज साहू का फूलमालाओं से स्वागत व मिठाईयां बांटकर जन्मदिन की खुशियां मनाई गई। उत्साहित कार्यकर्त्ताओं द्वारा जमकर आतिशबाजी भी की गई। गृहमंत्री ताम्रध्वज



साहू के जन्मदिन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उनके मीनाक्षी नगर स्थित आवास पहुंचे।मुख्यमंत्री द्वारा श्री साहू को जन्मदिन की बधाई देकर उनके दीर्घायु की कामना की गई। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने दूरभाष पर बधाई देकर कृषि मंत्री साहू के सुखमय जीवन की कामना की है। इसके अलावा प्रदेश के अन्य मंत्रीगणों व कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं ने दूरभाष पर उन्हे बधाई दी है। विधायक अरुण वोरा, बेमेतरा विधायक आशीष छावड़ा,गुंडरदेही विधायक कुंवर निषाद,संगीता सिन्हा, दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल ,राजनांदगांव महापौर हेमा देशमुख, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष आर.एन. वर्मा, राज्य मदरसा बोर्ड अध्यक्ष अलताफ अहमद, समाजसेवी गौतम जैन,दुर्ग नगर निगम के राजस्व एवं बाजार विभाग प्रभारी और गंजपारा वार्ड-36 के पार्षद ऋषभ जैन(बाबू), राज्य श्रम कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल साहू , राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष थानेश्वर साहू , केश शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष नन्दकुमार सेन व अन्य विधायकों ,महापौर व प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उनके आवास पहुंचकर बधाई दी।कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं में श्री साहू को बधाई देने होड़ लगी रही। दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, रिसाली सभापति केशव बंछोर, भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अतुलचंद साहू, तरुण बंजारे डुंडेरा, छत्तीसगढ़ रजिस्टर्ड कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता, रवि सिंह,नीलू ठाकुर,श्री सांईमंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, प्रदेश कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष कौशल किशोर सिंह,कांग्रेस नेता संजय लाखे,युकां नेता संदीप वोरा, कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह, विनोद गुप्ता, बृजेश शर्मा, ओम साहू,चेम्बर के प्रदेश मंत्री अशोक राठी के अलावा अन्य कार्यकर्त्ताओं एवं शुभचिंतकों ने श्री साहू को आवास पहुंचकर शुभकामनाएं दी। आईजी बीएन मीणा, कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा,एसपी सलभ सिन्हा के अलावा पीडब्ल्यूडी व अन्य विभागों के अधिकारीगण और पीडब्ल्यूडी विभाग के कॉन्ट्रेक्टर्स भी श्री साहू को बधाई देने उनके आवास पहुंचे थे। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने हजारों की संख्या में रैली की शक्ल में मीनाक्षी नगर पहुंचकर श्री साहू को जन्मदिन की बधाई दी।गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने सभी के बधाईयों को आत्मीयता से स्वीकारा और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। जन्मदिन पर उमड़ी भीड़ से श्री साहू निवास में मेला जैसा माहौल रहा। श्री साहू को दुर्ग जिले के अलावा बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव व रायपुर से भी उनके समर्थक बधाई देने पहुंचे थे। इस दौरान गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के पुत्र व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेन्द्र साहू, समाजसेवी भूषण साहू व हर्ष साहू ने भी आए लोग से मुलाकात की और उनका मुंह मीठा करवाकर जन्मदिन की खुशियां मनाई।

## जनता सरकार को बदलने के लिए चुनाव का इंतजार कर रही है:मोतीराम चंद्रवंशी




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 8 अगस्त।** जो विधायक एक सड़क न बनवा सके, जो बिजली की समस्या न दूर कर सके, जो सिर्फ भ्रष्टाचार में लिप्त हो, ऐसी विधायक और ऐसी सरकार को सबक सिखाने का वक्त आ गया है. जनता इस सरकार को बदलने के लिए सिर्फ चुनाव का इंतजार कर रही है.ये बातें आज कुई कुकदुर के विद्युत कार्यालय घेराव के कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पंडरिया के पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी ने कही. दरअसल कवर्धा जिले के वनांचल क्षेत्रों में लगातार बढ़ रही बिजली समस्या को लेकर भारतीय जनता पार्टी लगातार आंदोलन कर रही है. पूर्व संसदीय सचिव मोतीराम चंद्रवंशी और क्रांति गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा ने ग्रामीणों के साथ आज कुई कुकदुर में विद्युत कार्यालय का घेराव किया. इससे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने एक रैली निकाली जिसमे स्थानीय विधायक और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर अपना गुस्सा प्रदर्शित किया. बिजली ऑफिस घेराव के इस प्रदर्शन में जिला किसान मोर्चा महामंत्री जलेश्वर चंदू साहू, मंडल प्रभारी रितेश सिंह ठाकुर , मंडल अध्यक्ष रतिराम भट्ट , महामंत्री बसंत भाटिया ,संतोष श्रीवास ,वरिष्ठ कृष्णा कुंभकार ,दीपक सलूजा , दशरथ कुंभकार, बाला राम चंद्रवंशी, पदमराज टंडन, संजय जैन, रिद्धि राम श्याम ,सिद्ध राम श्याम, छोटन बैगा,पंचराम, मंगलू, धमतरी राम, धन सिंह यादव, काशीराम, रामप्रसाद ,दयालु धुर्वे,देव सिंग, धनस्सु,संतोष धुर्वे, राम सिंह, राकेश,महेश, मोहित मरावी, मनीराम,श्याम, नरोत्तम साहू,यशवंत श्रीवास, दीपा धुर्वे, प्रदीप के साथ क्षेत्र के किसान एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वार्डों में चला डेंगू मलेरिया नियंत्रण अभियान

**भिलाई, 8 अगस्त।** भिलाई निगम क्षेत्र में मच्छर के उन्मूलन के लिए अभियान चलाया जा रहा है। निगम का स्वास्थ्य अमला गली-मोहल्लों के घर घर जाकर कूलर, पानी टंकी व अन्य पात्र जिसमें बरसाती पानी भरा है, उसकी जांच कर खाली करा रहे है, ताकि मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारियों से आम जन को बचाया जा सके। महापौर नीरज पाल व निगम आयुक्त रोहित व्यास ने डेंगू के रोकथाम अभियान को गंभीरता से लेकर कर अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए है। स्वास्थ्य अमला घरों में जाकर सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित मरीजों को तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दे रही है। मच्छर का लार्वा के रोकथाम के लिए मैलाथियान तथा व्यस्क मच्चरों के नियंत्रण हेतु एक्वा केओथरीन, जला आयल हैण्ड स्प्रे, चूना, ब्लीचिंग का छिडकाव कर रहे है। जलजनित बिमारी विशेष कर डेंगू, मलेरिया, पिलिया के रोकथाम के लिए नागरिकों को लाउडस्पीकर के माध्यम से जागरूकता के लिए मुनादी भी कराई जा रही है साथ ही आवश्यक उपाया का घर घर पाम्प्लेट बांटे जा रहे है। निगम क्षेत्र में डेंगू के रोकथाम के लिए भिलाई निगम का अमला जुटा हुआ है, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी अब तक 15985 घरों में जाकर कूलर में भरे हुए पानी, पानी टंकी, गमला व अन्य कबाड पात्र जिसमें पानी भरा हो कि जांच कर टेमिफॉस का छिड़काव कर चुके है।

## नीलू चंद्रवंशी ने ली ब्लॉक कांग्रेस कुण्डा की बैठक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 8 अगस्त। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नीलकंठ चंद्रवंशी ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा अंतर्गत बूथ अध्यक्षयो,गौठान समिति के अध्यक्षयों राजीव युवा मितान के अध्यक्षों सोसायटी अध्यक्षों एव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओ की ली बैठकरविवार को विधानसभा क्षेत्र क्र.71 अंतर्गत ग्राम कुण्डा में ब्लॉक अध्यक्ष कुण्डा उतरा चंद्राकर जोन अध्यक्ष राजेश चंद्रवंशी,सुखचंद भास्कर आरती सुमन के के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आहूत की बैठक 3 एजेंडों पर जैसे मतदाता सूची में नाम जोड़ने एव काटने के संदर्भ में बूथ अध्यक्षों से चर्चा एव विचार विमर्श कर मतदाता सूची उपलब्ध कराना आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा करना एव राज्य की भूपेश सरकार द्वारा प्रदेश में संचालित महत्त्वाकांक्षी योजनाओं को को घर घर पहुंचने के संदर्भ में विचार विमर्श एव अन्य विषयो पर चर्चा बैठक आहूत किया गया बैठक में कार्यकर्ताओ को संबोधित करते जिला अध्यक्ष नीलकंठ चंद्रवंशी ने कहा प्रदेश सरकार के द्वारा प्रदेश में संचालित योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने कार्य करे जिस प्रकार से 2018 में आप लोगो द्वारा मेहनत लगन से कार्य कर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार को सत्ता में लाए वैसी ही आगामी विधानसभा चुनाव में मेहनत कर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाए उक्त बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किसान कांग्रेस पिछड़ा वर्ग कांग्रेस सोसायटी अध्यक्ष गौठान अध्यक्ष शाला विकास समिति के अध्यक्ष एन एस यू आई.राजीव युवा मितान मण्डी बोर्ड इंटक सहित सभी प्रकोष्ठ एव मोर्चा सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे ।

## सीएम पुत्र चैतन्य बघेल व निर्मल कोसरे के नेतृत्व में निकली कांवड़ यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 अगस्त।** भिलाई.3 चरोदा नगर निगम क्षेत्र में सावन के पांचवें सोमवार को विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। इसकी शुरुआत चरोदा बस्ती के प्राचीन कुआं से कांवड़ में जल लेकर हुई । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल व महापौर निर्मल कोसरे के साथ हजारों कांवड़िए बोलबम का जयकारा लगाते हुए इस यात्रा में सहभागिता दी। चरोदा बस्ती के प्राचीन कुआं से देवबलोदा तक आज विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। कांवडियों के बोलबम के जयकारे लगातार गूंजते रहे। चरोदा बस्ती से लेकर देवबलोदा तक की सडक् भगवा रंग में सराबोर रही। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल और महापौर निर्मल कोसरे के साथ भिलाई. चरोदा नगर निगम क्षेत्र के पूरे 40 वार्ड के शिव भक्त इस कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। कांग्रेस पार्टी के नेता अनेक पार्षद और पक्ष विपक्ष जनप्रतिनिधियों ने भी कांवड़ यात्रा में हिस्सा लिया। कांवड़ यात्रा के दौरान हर हर महादेव और बोलबम का जयकारा पूरे रास्ते भर गूंजता रहा। चैतन्य बघेल और महापौर निर्मल कोसरे ने हजारों महिलाएं व पुरुष कांवडियों के साथ धोती व कुर्ता का पारम्परिक परिधान पहने कांवड़ उठाकर देवबलोदा का सफर पैदल तय किया ।कांवड़ यात्रा का चरोदा हनुमान मंदिरए स्टेट बैंक, पंचशील नगर, पदुम नगर सीएम हाउस के पास स्वागत किया गया। सिरसा चौक पर मुस्लिम समाज ने स्वागत के साथ कांवडियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी थी। सिरसा चौक से अण्डरब्रिज होते हुए



जी केबिन पहुंचने पर कांवडियों का स्वागत हुआ। यहां से देवबलोदा पहुंचकर प्राचीन शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक व रुद्राभिषेक करने के बाद भोग वितरण किया गया। इस अवसर पर निगम के एमआईसी सदस्य मोहन साहू, एस वेंकट रमना, एम जॉनी, मनोज डहरिया, देवकुमारी भलावी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मढ़रिया, महामंत्री पप्पू चन्द्राकर, बीएन राजू, युवा कांग्रेस नेता असफाक अहमद, युवराज कश्यप, इन्द्रजीत यादव, अरमान अहमद, शरद आदि उपस्थित थे।

### गोदाम में चोरी

भिलाई। भिलाई छावनी थाना क्षेत्र गोदाम का ताता तोड़कर सामान पार करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत कार्रवाई की है छावनी पुलिस ने बताया कि तीन दर्शन मंदिर कैम्प 1 निवासी मुकेश डोंगरे का बालाजी नाम से टेंट हाउस है सुबह गोदाम के भीतर का सारा सामान बिखरा पड़ मिला ।



### कांग्रेसियों ने गुलदस्ता भेंटकर पंडरिया विधायक ममता से की सौजन्य मुलाकात

**कवर्धा, 8 अगस्त।** पालेश्वर चंद्राकर विधानसभा समन्वयक राजीव युवा मितान,सूरज यादव प्रवक्ता जिला कांग्रेस कवर्धा हेमल लाल यादव महासचिव ब्लॉक कांग्रेस पिछड़ा वर्ग कुण्डा परमेश्वर सिंगरौल ब्लॉक सचिव पिछड़ा वर्ग कांग्रेस दुकालू चंद्राकर अध्यक्ष शाला विकास समिति सुकली के द्वारा पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर को श्रीफल एव गुलदस्ता भेंट कर सौजन्य मुलाकात कर स्वागत किया गया ।

### इंदिरा पारा में गिराया गया पुराना अतिक्रमण

**भिलाई-चरौदा ।** नगर पालिक निगम भिलाई-03 चरौदा के वार्ड क्रमांक-16, इंदिरा पारा भिलाई-03 में अवैध निर्माण को आज जमीदोज करने की कार्यवाही की गयी। निगम प्रशासन को मिली शिकायत के अनुसार इंदिरा पारा वार्ड क्रमांक-16, में पानी टंकी के पास रोड पर हो अवैध रूप से निर्माण कर दुकान संचालित की जा रही थी। जिसे आज निगम दली ने तोडकर अवैध निर्माण हटा दिया गया है। इस संबंध में सहायक अभियंता देवेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में उप अभियंता मुकेश रात्रे एवं उनकी टीम ने मौके पर स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही को अंजाम दिया।



### गणेश तिवारी ने सपारिवार पंडित प्रदीप मिश्रा से आशीर्वाद लिया

कवर्धा,8 अगस्त। श्रावण सोमवार के दिन प्रसिद्ध शिव पुराण के अंतर्राष्ट्रीय कथाकार पंडित प्रदीप मिश्रा जी महाराज का तिल्दा से सीहोर जाने के दौरान अल्प समय के लिए कवर्धा आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने श्रीगणेशपुरम में पतंजलि किसान सेवा समिति के राज्य प्रभारी गणेश तिवारी सपरिवार आत्मीयतापूर्ण मुलाकात करते हुए पंडित प्रदीप मिश्रा से आशीर्वाद प्रदान किया। अपने अल्पप्रवास के दौरान श्रीगणेशपुरम में हुए कार्यक्रमों की सराहना करते हुए गणेश तिवारी के आग्रह पर आने वाले समय पर पुन: कवर्धा के कार्यक्रम में आने की बात कही।

## भिलाई नगर में आजादी के 76वे वर्ष पर 76 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा

**भिलाई,8 अगस्त।** विधायक देवेंद्र यादव हजारों शहर



वासियों के साथ मिल कर आजादी के 76 वर्ष पर 76 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा निकालेंगे। आजादी दिलाने वाले वीर शहीदों की याद में तिरंगा यात्रा निकालेंगे। और इस यात्रा में नेन्हे मुन्ने महात्मा गांधी, भारत माता,सुभाष चंद्र बोष आदि महापुरूषों का रूप धरे बच्चे भी इस यात्रा में शामिल होंगे। इसकी तैयारी की जा रही है। हर साल की तरह इस साल भी विधायक देवेंद्र यादव तिरंगा यात्रा निकालने वाले है। इसके लिए तैयारी चल रही है। 12, 13 और 14 अगस्त को यात्रा निकाली जाएगी। शहर के सभी वार्ड और गलियों से होकर यात्रा निकलने। जिसमे शहर भर के हजारों लोग शामिल होंगे। देश की आजादी के 76 वां साल होने पर देश को आजादी दिलाने वीर शहीदों की याद में विधायक देवेंद्र यादव विधानसभा क्षेत्र में 76 किलोमीटर की आजादी की तिरंगा यात्रा करेंगे । पिछले साल भी भव्य यात्रा निकाली गई थी।

> साहस बलिदान शांति सत्यता पवित्रता वैभव संपन्नता इन तीनों रंगों से मिलकर बनता है हमारा तिरंगा। तिरंगे की आन बान और शान को बनाए रखते हुए भिलाई के हर गली मोहल्ले से गुजरेगी 76 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा। क्योंकि भारत के ह्रदय में बसता है भिलाई और भिलाई के दिल में बसता है तिरंगा। आजादी के 76 वर्ष पूर्ण होने की अवसर पर 12 से 14 अगस्त तक भिलाई में तिरंगा पदयात्रा किया जाएगा जिसमें पूरे शहर वासी सादर आमंत्रित हैं।

## बेसिक एवं सामुदायिक पुलिसिंग के साथ जनता की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहे पुलिस स्टाफ:राहुल भगत

**कवर्धा, 8 अगस्त।** नवीन रेंज राजनांदगाँव के प्रथम नव पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक श्री राहुल भगत (भा.पु.से.) द्वारा कबीरधाम जिले के एक दिवसीय दिनांक-07.08.2023 को भ्रमण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कबीरधाम जिले के पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना चौकी प्रभारियों का मीटिंग लिया गया। उक्त मीटिंग में कबीरधाम जिले के पुलिस कप्तान डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कौशल किशोर वासनिक, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोडला जगदीश उइके, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (आजाक) शेर सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी लोहारा संजय ध्रुव, प्रशिक्षु उप. पुलिस अधीक्षक सुश्री अमृता पैकरा, रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह तथा जिले के समस्त थाना/चौकी एवं कार्यालय के प्रभारी उपस्थित रहे।राजनांदगाँव रेंज पुलिस महानिरीक्षक श्री राहुल भगत द्वारा मीटिंग में उपस्थित कबीरधाम जिले के समस्त पुलिस के राजपत्रित अधिकारी/ एवं थाना चौकी प्रभारी गणों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश देकर अपने अपने कार्यों को पूर्णता निष्ठा एवं ईमानदारी से करने हेतु



निर्देशित करते हुए कहा गया कि ग्रामीण स्तर पर अपनी पुलिसिंग बढ़ाने, प्रत्येक गाँव में ग्रामीणों के साथ अधिक से अधिक समय देने, दूरस्थ वनांचल ग्राम एवं कस्बों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने, घटित होने वाली घटनाओं को रोकने हेतु प्रतिबंधात्मक उपाय व आगामी कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए, आवश्यक तैयारी रखें, साथ ही अपराध एवं शिकायत की त्वरित निराकरण करने, बेसिक पुलिसिंग एवं सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर देते हुए आम जनों को जागरूक करने, अपराध अन्वेषण नियंत्रण व कानून व्यवस्था ड्यूटी में संवेदनशील रहकर ड्यूटी करने, आम जनता की सुरक्षा एवं सहायता हेतु सदैव तत्पर रहकर कार्य करने, नक्सल गतिविधियों पर विशेष ध्यान रखते हुए मुखबिर तंत्र को मजबूत कर समय-समय पर सर्चिंग करने तथा पुलिस की उत्कृष्ट छवि बरकरार रखते हुए किसी भी गरीब निर्धन व्यक्ति के साथ अन्याय ना हो, उसे न्याय अवश्य प्राप्त हो जिसके लिए उसकी हर संभव मदद करें।

अपराध निकाल हेतु आवश्यक निर्देश देते हुए कहा गया कि किसी भी घटना के घटित होने पर अधिक समय घटनास्थल पर देना चाहिये, जिससे अपराध के निकलने की संभावना अत्यंत बढ़ जाती है, पुलिस का कार्य पूर्णता टीमवर्क पर आधारित होता है, टीमवर्क से कार्य करें सफलता जरूर मिलती है।सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से साइबर अवेयरनेस, सोशल मीडिया अवेयरनेस, ट्रेफिक अवेयरनेस, महिलाओं एवं बालक बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की विस्तार पूर्वक जानकारी शहर तथा गाँव-गाँव में विभिन्न खेल प्रतियोगिता के माध्यम से दें, साथ ही स्कूल कॉलेज बाजार हाट आदि में जाकर लोगों को जागरूक करें ताकि कोई भी आमजन किसी भी प्रकार से ठगी जा अपराधिक कृतों का शिकार ना हो सके।थाने में अपनी समस्या लेकर आने वाले प्रार्थीओं से पूर्णता अपनत्व की भावना के साथ पेस आकर उनकी समस्याओं को सुने तथा प्रार्थी के रिपोर्ट पर कार्यवाही करें।माइनर एक्ट की कार्यवाही बढ़ाएं कोई भी किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का उपयोग करता है, तो उनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करें, जुआ, सट्टा अवैध शराब बिक्री, अवैध गाँजा बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णता अंकुश लगाएं, माननीय न्यायालय के द्वारा जारी निर्देशों का निर्धारित समय पर पालन हो यह सुनिश्चित करें, साथ ही स्थाई वारंट की शत-प्रतिशत तामिली हो का विशेष ध्यान रखें। शहरवासियों से अपने निवास प्रतिष्ठान आदि में सी.सी.टी.वी कैमरा लगाने हेतु आग्रह करें, जिससे वे स्वयं के साथ-साथ औरों को भी सुरक्षित कर सकेंगे, तथा शहर के मुख्य मार्ग प्रमुख चौक चौराहों पर लगे शासकीय सी.सी.टी.वी. कैमरे को चालू हालत में रखें तथा अन्य कैमरों की आवश्यकता हो तो सुरक्षा की दृष्टिकोण से संबंधित को अवगत करावे। गुंडागर्दी बदमाशी करने वाले असामाजिक तत्व पर सख्त से सख्त कार्यवाही करें, व्हाट्सएप फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के माध्यम से भ्रम फैलाने वाले असामाजिक तत्वो पर सतत निगाह रखते हुए सख्त कार्यवाही करने निर्देशित करते हुए पूर्व के लंबित अपराधों की अनु विभाग वार चर्चा कर एक एक बिंदुओं पर बारीकी से चर्चा करते हुए उपस्थित अधिकारी गणों को आगामी चुनाव का विशेष ध्यान रखते हुए सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिया गया।कबीरधाम पुलिस कप्तान डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा राजनांदगाँव रेंज पुलिस महानिरीक्षक राहुल भगत द्वारा दिए गए निर्देशों का कबीरधाम पुलिस के द्वारा पूर्णनिष्ठा से पालन करने का आश्वासन देते हुए जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना चौकी प्रभारियों को अपना बहुमूल्य समय निकाल कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया गया।

राजनांदगांव रेंज के प्रथम पुलिस महानिरीक्षक राहुल भगत 2005 बैच के आई.पी.एस. अधिकारी हैं। राहुल भगत पूर्व में जिला नारायणपुर, कांकेर, रायगढ़ एवं कबीरधाम जिले में पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ रह चुके हैं। जो उप. पुलिस महानिरीक्षक के पद पर केन्द्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर राज्य से बाहर पदस्थ थे। तथा पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पुलिस मुख्यालय रायपुर में पदस्थ थे। जो स्थानांतरण पर नवगठित पुलिस रेंज राजनांदगाँव में

### बंछोर ने किया लाभार्थियों का सम्मान



**जामुल ।** बीते 6 अगस्त को भाजपा जामुल मंडल द्वारा बूथ सशक्तिकरण हेतु लाभार्थी सम्मेलन एवं सम्मान कार्यक्रम शक्ति केंद्र क्रमांक 1 तरुण सांस्कृतिक परिषद में किया गया। जिसमे बूथ क्रमांक 150, 151, 152, 153 एवं 154 के लाभार्थियों का सम्मान भाजपा भिलाई जिला उपाध्यक्ष रेखराम बंछोर के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंत्री प्रशांत गुप्ता एवं नूतन वर्मा, शक्ति केंद्र प्रभारी देवदत्त शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष राकेश वर्मा, बूथ अध्यक्ष किशन सिंह, विक्की बंछोर, ओम प्रकाश साहू, विमल ठाकुर, सरस्वती मानिकपुरी, बिंदिया पटेल, अनुराधा क्षत्रिय, लेखुराम साहू, लक्ष्मीनारायण क्षत्रिय, बी आर रामटेके, टोपलाल वर्मा, लखन वर्मा, छोटू साहू, जयराम देवांगन, सेवक राम साहू आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### डॉ. तेजस शाह बने जनरल सेक्रेटरी

**अंवरी 8 अगस्त।** राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय आयोग छः ग चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश



अध्यक्ष डॉ. एस. के. मधुप की अनुशंसा व उनके कोरग्रुप कमेटी की सहमति से जिला चिकित्सालय धमतरी में पदस्थ वरिष्ठ डॉ. तेजस शाह को राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय आयोग छत्तीसगढ़ के जनरल सेक्रेटरी (चिकित्सा प्रकोष्ठ) व आजीवन सदस्य बनाये गए राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय आयोग छत्तीसगढ़ चिकित्सा प्रकोष्ठ बनाए जाने पर डॉ. तेजस शाह को छत्तीसगढ़ चिकित्सक मंडल व जिला चिकित्सालय धमतरी में पदस्थ चिकित्सक डॉ. रचना पदाम्बर,सर्जन उत्कर्ष नंदा,प्रेरणा बघेल,डॉ मेहता,रिंकी बघेल,गरिमा शर्मा,शिशु रोग विशेषज्ञ आशीष अग्रवाल,आर्थोपेडिक सर्जन राकेश सोनी,श्वहृज्ञ सर्जन डॉ. कौशिक,चिकित्सा स्पेशलिस्ट संजय वानखेड़े,डॉ. महताब आलम सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने उनके नियुक्ति पर बधाई दी है।

### राहुल गांधी फिर से संसद में भरेंगे हुंकारःकुलबीर



**राजनांदगांव 8 अगस्त।** देश के सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) द्वारा मिली राहत के बाद आज लोकसभा सचिवालय द्वारा अभा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी लोकसभा सदस्यता बहाल करने की अधिसूचना जारी होने पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में मानव मंदिर चौक पर ''जय कांग्रेस विजय कांग्रेस'' के जयघोष के साथ कांग्रेसजनों द्वारा पटाखे फोड़कर मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मिली राहत के बाद आज 07 अगस्त को लोकसभा सचिवालय द्वारा लोकसभा सदस्यता बहाल करने की अधिसूचना जारी होने कांग्रेसजनों में उत्साह का संचार हुआ। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के अगुवाई में स्थानीय कांग्रेस भवन में कांग्रेसजन एकत्रित होकर ढाले नगाड़ों के साथ जुलूस निकालकर मानव मंदिर चौक में ''नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत'' व सत्य की जीत के नारें लगाएं व जमकर पटाखे फोड़कर शहर की जनता को मिठाई खिलाई।

### महापौर ने राजीव नगर में सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण के लिये किया भूमिपूजन



**राजनांदगांव 8 अगस्त।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा राजीव नगर वार्ड नं. 42 में अधोसंरचना मद अंतर्गत 7.00 लाख रूपये की लागत से सीमेंट कांक्रिट रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य श्री विनय झा अपील समिति के सदस्य व वार्ड पार्षद श्री ऋषि शास्त्रीकी, पार्षद श्री शरद पटेल, पूर्व पार्षद श्रीमती शारदा तिवारी की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में राजीव नगर के सर्वश्री राजकुमार बंसोड, तुकाराम निर्मलकर, लोकेश यादव, नंदू देवांगन, पारस साहू, देवा यादव, आनंदीराम साहू, लल्लु देवांगन ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियो द्वारा सीमेंट रोड निर्माण के लिये भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि शासन द्वारा मूलभूत सुविधा रोड नाली निर्माण सहित राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत उद्यान, तालाब सौदर्यीकरण, मुक्तिधाम उन्नयन अंतर्गत स्वीकृत राशि से शहर में विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में आज राजीव नगर में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण कराने भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगभग 60 लाख रूपये की लागत से आपके वार्ड में सीमेंट रोड बनाया गया है और शेष गलियों में सीमेंटींकरण करने भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ कराया जायेगा। इसी प्रकार अन्य विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर वार्ड में कराये जायेगें। इस अवसर पर उप अभियंता श्री अनिमेष चंद्राकर सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# तीन दिनों की पदयात्रा कर विधायक के गृहग्राम पहुंचे कार्यकर्ता, कीचड़ फेंकनें के दौरान हुई झूमाझटकी

**डोंगरगांव विस की 21 बदहाल सड़कों की बताई दुर्दशा**



**डोंगरगांव 8 अगस्त।** विधायक के गृहग्राम आलीवारा में भाजपा द्वारा शुरु किए गए सड़क खोजों चिखला पदयात्रा का समापन करतें हुए कार्यकर्ताओं व पुलिस के बीच जमकर कहासुनी हुई। बाल्टी व मटकियों में कीचड लेकर पहुंचे कार्यकर्ता बेरिकेड्स फांदकर निज निवास के अंदर घुसना चाह रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। जिसके बाद कीचड को लेकर विवाद शुरु हो गया। इस बीच कई पुलिस कर्मियों की वर्दी भी कीचड से गंदी हो गई। इधर भाजपा लालबहादुर नगर मंडल ने पांच अगस्त से विधानसभा क्षेत्र के वनांचल ग्राम से पदयात्रा की शुरुआत की थी। तीन दिनों तक चलें यात्रा का समापन विधायक के निज निवास में हुआ। भाजपा के प्रदर्शन को देखतें हुए पुलिस ने विधायक फार्म हाउस के मेन गेट को बेरिकेड्स से सील कर दिया था। तीसरें दिन की पदयात्रा की शुरुआत ग्राम डुंडेरा से हुई। जो पारागांव के रास्तें पैदल चलतें हुए मुसरा पहुंचे। बाजार चौक में सभा हुई। इसके बाद भानपुरी होतें हुए आलीवारा पहुंचे। रास्तें में भाजपाइयों ने कीचड एकत्रित किया जिसे लेकर वे विधायक दलेश्वर साहू को भेंट करना चाहतें थे। इधर प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं के बीच प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार विजय साहू ने पहुंचकर मांगो को लेकर ज्ञापन लिया। विस क्षेत्र की 21 बदहाल सड़कों की बताई दुर्दशा- एलबी नगर मंडल के नेतृत्व में शुरु हुए तीन दिवसीय पदयात्रा में कार्यकर्ताओं ने पाया कि डोंगरगांव विस क्षेत्र यानी डोंगरगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आनें वाली 21 सड़कें बदहाल है। पदयात्रा के दौरान जब कार्यकर्ता इन जर्जर सड़कों से गुजरें तो कई तरह की परेशानी सामनें आई। वनांचल की सड़कों का तो हाल बेहाल है। इसके बावजूद विधायक ध्यान नहीं दे रहे। यह तो केवल डोंगरगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आनें वाली सड़कों की स्थिति है। जबकि पूरें डोंगरगांव विस का दौरा करें तो सैकड़ो सड़कों की बदहाली सामनें आ जाएगी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि साढ़े नौ वर्षों से अधिक समय से विधायक रहनें के बाद भी अपनें क्षेत्र की सड़कों का सुधार नहीं करा पाएं है। दो कार्यकाल में विधायक के निज निवास में पहला प्रदर्शन- विधायक दलेश्वर साहू लगातार दो कार्यकाल से विधायक है। पिछली बार तो भाजपा सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाकर जिम्मेदारी से बच गए। अब जबकि राज्य में कांग्रेस की सरकार होनें के बाद भी बड़ी संख्या में सड़कें खस्ताहाल है। इसलिए कार्यकर्ता आक्रोशित हुए और पदयात्रा कर कीचड को विधायक को ही भेंट करनें की योजना बनाई। दूसरा कार्यकाल अंतिम दौर में है और उनके गृहग्राम में किसी भी दल का यह पहला प्रदर्शन रहा। इसलिए पुलिस भी कोई चूक नहीं करना चाह रही थी। इसलिए डिवीजन के अलावा जिलें के अन्य थानों से टीआई रैंक के अफसर भी बुला लिए थे। हालांकि कई अफसरों की वर्दी कीचड से गंदी हुई। सड़कों की बदहाली को लेकर चलेगा अभियान- भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि डोंगरगांव विस क्षेत्र की सड़कों की बदहाली को जनता के बीच लानें और सत्ता के विधायक को जगानें के लिए यह अभियान लंबा चलेगा। विधायक पर कमीशनखोरी के आरोप तक लगे। क्योंकि वनांचल में हाल ही में बनी सड़कें पहली बारिश में ही धूल गई। विधायक सिर्फ सम्मान समारोह कर सरकारी राशि का दुरूपयोग करनें में लगें है। अभी कुछ महीनों में विस चुनाव होना है, इसके पहलें सत्ता के विधायक को घेरनें के लिए यह अभियान लगातार चलता रहेगा। मुसरा में सभा लेकर घेरा विधायक को, इन्होनें किया सम्बोधित- ग्राम मुसरा के बाजार चौक में सभा लेकर भाजपा नेताओं ने सत्ता के विधायक को घेरा। उन्होंनें कहा कि विधायक को सिर्फ कमीशन से मतलब है। सड़के बदहाल होनें से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। सभा को भरत वर्मा, दिनेश गांधी, मंडल अध्यक्ष बोधीराम साहू, गिरवर साहू, रामकुमार गुप्ता,जयपाल सिन्हा,भूपेंद्र वर्मा, तामेश्वर साहू, हेमलाल वर्मा, रोशन साहू, अशोक वर्मा, भोजराज वर्मा, देवेन्द्र यादव, लक्ष्मी वर्मा, दिनेश वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, डॉ. नीरेन्द्र साहू, देवेन्द्र साहू, प्रवेश ठाकुर, डिकेश साहू, राजकुमार ताम्रकार, जितेंद्र सिन्हा, संदीप सिन्हा, राकेश साहू, लोकेश वर्मा, जागेश्वर यादव, राजा जैन, किशोर यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सम्बोधित किया।

# अतिक्रमण हटाने पार्षद के नेतृत्व में लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**डोंगरगढ़ 8 अगस्त।** धर्मनगरी डोंगरगढ़ के वार्ड नं 13 के वार्डवासियों ने पार्षद अमित छाबड़ा के नेतृत्व में वार्ड की शासकीय भूमि में हो रहे अतिक्रमण को लेकर एसडीएम कार्यालय व पुलिस थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराकर तत्काल अतिक्रमण पर रोक लगाने की मांग करते बताया कि नजूल शाखा की शीट क्रमांक 1889/1 एरिया 0.45 रिक्त जमीन है जहाँ पर वर्षो से गन्दा कचर डाला जा रहा है। लेकिन अब उक्त जमीन पर समस्त मोहल्लावासी शिव मंदिर का निर्माण करना चाहते हैं इस विषय में डोंगरगढ़ राजस्व आरआई दीनबंधु वर्मा को नाप जोख करने भी बुलाए थे उनके द्वारा भी इस जमीन को शासकीय नजूल की रिक्त जमीन बताया गया। उक्त जमीन के बाजू में 1889 /2 अविनाश ब्रह्मांडकर के नाम दर्ज हैं, वह भी रिक्त भूमि 304 हैं। यह की उक्त रिक्त भूमि 1889/1 को भी अविनाश ब्रह्मांडकर एवं उनके पुत्र सुमीत ब्रह्मांडकर के द्वारा अपना बता कर मोहल्लेवासीयो के साथ लड़ाई झगड़ा करते है और वार्ड पार्षद के विरुद्ध रिपोर्ट करने की धमकी देते है। आपको बता दें कि 1889/1 जो कि शासकीय भूमि हैं उसे भी वह अपना बताता है जो की पूर्णत गलत है। ऐसी स्थिति में उक्त भूमि को विवादित कर कब्जा करना उनकी मनसा प्रतीत हो रही है, जिससे मोहल्लावासी मन्दिर ना बना सकें।इसलिए मोहल्लेवासियों ने उक्त भूमि शिव मन्दिर बनाने की अनुमति मांगी है साथ ही ब्रह्माणकर को बुलाकर समझाइस देकर मन्दिर निर्माण में कोई बाधा उत्पन्न ना करे और मोहल्लावासी का सहयोग करे। यदि ऐसा नहीं होता है तो मोहल्लेवासियों के साथ साथ आसपास के मोहल्लेवासी भी नगर पालिका व एसडीएम कार्यालय का घेराव करेंगे।

### टाटा हिताची ने लॉन्च किया नया 5-टन व्हील लोडर जैडडब्ल्यू-225

**रायपुर 8 अगस्त।** टाटा हिताची ने आज बिलासपुर में अपने आदरनीय ग्राहकों की उपस्थिति में नया 5-टन व्हील लोडर जैडडब्ल्यू-225 लॉन्च किया। यह मशीन प्रामाणिक जापानी तकनीक से भारत में बनी है। टाटा हिताची के सीनियर मैनेजमेंट - संजय प्रसाद (हेड-माइनिंग), बीकेआर प्रसाद (हेड-मार्केटिंग), विवेक रावस (रीजनल मैनेजर-सेंट्रल) ने लॉन्च की यह मशीन जो मेसर्स मान इंजीनियरिंग कंपनी को प्रदान किया गया। टाटा हिताची ग्राहकों को 'विश्वसनीयता, उत्पादकता और निवेश पर लाभ'- हर मामले में सर्वोत्तम प्रदान करने को प्रतिबद्ध रही है।

### अपराध पर अंकुश लगाने करें पुलिस की मदद

**राजनांदगाँव 8 अगस्त।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनादगांव के



निर्देश पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असमाजिक तत्वों के खिलॉफ चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 07 अगस्त 2023 को शहर के चौक चौराहे में फेरी करने एवं संदिग्ध रूप से घूमने वाले लोगों की चेकिंग की गई उनका नाम पता पूछा गया तथा उनके रुकने संबंधी जानकारी थाना को उपलब्ध कराने बताया गय। इसी क्रम में शहर के चौक-चौराह में फेरी करने व घुमने वाले 20 लोगों की पूर्व गतिविधियो की जानकारी लेने कर लिए सभी का एस एस रोल (सदेही फार्म )जारी कर उसके निवास क्षेत्र के थानों में जानकारी हेतु प्रतिवेदन भेजा गया, जानकारी रिपोर्ट में प्रतिकुल टीप पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही किया जावेगा। लगातार थाना क्षेत्रों में फेरी करने वाले लोगो की जानकारी ली जा रही है। कोतवाली पुलिस राजनांदगॉव शहर व जिला पुलिस ने आम लोगो से अपील की है कि सभी अपने किरायेदारों की जानकारी थाने में उपलब्ध करायें एवं बाहर से आये संदिग्ध लोगो की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित करने का सहयोग करे।

### प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही महादेव यादव की मौत पर भाजपा ने किया नगर निगम का घेराव

**राजनांदगांव,8 अगस्त ।** प्रधानमंत्री आवास के लिए महादेव यादव और इसके पूर्व यास्मीन बानो द्वारा आत्महत्या के मामले में जिला भाजपा के अध्यक्ष रमेश पटेल ने भूपेश सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए राज्यपाल से मांग की ऐसी निकम्मी सरकार को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए। भाजपा नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु के अनुसार आज भाजपा द्वारा सुबह 11:00 बजे गुरुद्वारा चौक पर एकत्रीकरण होगा, जहां से भाजपा के कार्यकर्ता महाकाल चौक( मानव मंदिर चौक) होते हुए जय स्तंभ चौक होते हुए नगर निगम पहुंचेंगे, जहां नगर निगम का घेराव किया जाएगा । अध्यक्ष तरुण लहरवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के लिए महादेव यादव और यास्मीन बानो ने आत्महत्या की। जिसकी पृष्ठभूमि में भाजपा के पास पर्यास सबूत भी है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने स्पष्ट शब्दों में उल्लेखित करते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया था कि प्रधानमंत्री आवास के आवंटन में केंद्र सरकार की राशि आने के बाद राज्य सरकार ने राशि प्रदान नहीं की थी, जिसके कारण ही उन्होंने पंचायत मंत्री के पद से इस्तीफा दिया था। परंतु भूपेश सरकार द्वारा घटिया राजनीति करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखने की औपचारिकता की गई और यह प्रचारित किया जा रहा है कि केंद्र सरकार ने आवंटित राशि को रद्द कर दिया जबकि लगातार केंद्र के प्रयास के बावजूद भी राज्य सरकार ने राशि जारी नहीं की और 16 लाख आवास तथा शहरी क्षेत्र के 4 लाख आवास इस योजना से वंचित रह गए, जिसके कारण हितग्राहियों में कड़ा आक्रोश है ।

# भाजपा किसान मोर्चा ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**मोहला 8 अगस्त।** मोहला-मॉनपुर जिला मुख्यालय में भारतीय जनता किसान मोर्चा जिला मुख्यालय मोहला मे वर्मी कंपोस्ट खाद की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए प्रदेश सरकार व क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। स्थानीय बस स्टैंड में बडी संख्या में जुटे भाजपाई रैली निकालकर कलेक्ट्रेड का घेराव करने निकले। भाजपाई रैली निकालकर सरकार पर जमकर बरसे,वही भाजपाइयों और पुलिस के बीच झूमाझटकी हुई ,हालांकि पुलिस ने कलेक्ट्रेड के पहले ही बेरिकेटिंग कर भाजपाईयों को बीच मे ही रोक लिया। इसी बीच भाजपाईयों ने स्थानीय तहसीलदार को अपनी मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। भाजपाइयों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि वर्मी कंपोस्ट खाद में मिट्टी व कचरा मिला हुआ है जिसे किसानों को दबाव पूर्वक खाद्य दिया जा रहा है । जिससे किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है जिसे भाजपा किसान मोर्चा बिल्कुल भी बर्दाश्त नही करेगा,भाजपा किसान मोर्चा मांग करता है कि अमानक व कचरा युक्त खाद्य की अवैध बिक्री पर रोक लगाए जाएं साथ ही जिन किसानों को जबरन मिट्टीनुमा खाद्य दिया गया है उनसे कोई रकम न ली जाए और उनका पैसा लौटाया जाए। किसान मोर्चा शासन को सचेत करना चाह रहा है की किसानों से अवैध उगाही जारी रहेगा तो सड़क की लड़ाई लड़ने तैयार रहेंगे जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी । रैली के दरमियान कलेक्ट्रेट घेरने निकले भाजपाइयों ने वर्मी कंपोस्ट खाद से भरी बोरी लेकर प्रदर्शन किया। यही नही रैली के दरमियान भाजपाइयों ने स्टेट हाइवे में पानी कीचड़ से युक्त गड्ढे में धान के पौंधे भी रोपे । रैली व प्रदर्शन के दौरान भाजपाइयो ने क्षेत्रीय विधायक व संसदीय सचिव इंद्रशाह मंडावी के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया तथा रेत के अवैध उत्खनन को लेकर विधायक को आरोपो के कटघरे में खड़ा किया। भाजपा किसान मोर्चा ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर अपनी मांगों में दर्शाया की किसान न्याय योजना में एक क़िस्त पच्चीस प्रतिशत नही मिलना,तेंदूपत्ता के प्रारसरमिक नही मिलना,ग्राम गोटाटोला और कौडिकसा में जिला सहकारी बैंक खोलने और रबी फसल की राशि दिलाने के लिए अपनी मांग रखी । जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने संसदीय सचिव एंव क्षेत्रीय विधायक को कटाक्ष करते हुए कहा की विधायक की कार्यशैली सवाल उठाया और कहा कि जिस क्षेत्र में जाते है तो उनका एक ही कथन रहता है कि...... तै मोला वोट नी देहस......मैं तोर गांव मा काबर विकास कराहु....! जिला उपाध्यक्ष ने तंज कसते हुए कहा कि अगर आप जनप्रतिनिधि बन गए हो तो सबके विधायक हो ऐसा भेदभाव जनताओं के साथ करना विधायक को शोभा नही देता,एक जनप्रतिनिधि को सब का साथ देकर विकास करना पड़ता है । जिला उपाध्यक्ष ने क्षेत्रीय विधायक पर आरोप लगाया कि पांच साल पहले जब चुनाव में आये थे तब कहते थे कि मैं किसान का बेटा हु,किसान का दुख दर्द समझता हूं,किसान के दुख दर्द में हमेशा खड़ा रहूंगा और जैसे ही चुनाव जीतकर किसान पुत्र विधायक बने खेती वाले से रेती वाले बन गए । जिला उपाध्यक्ष ने विधायक पर तंज कसते हुए कहा कि रेत से लेकर जितने भी खनिज का अवैध उत्तखनन हो पूरे विधायक के संरक्षण में हो रहा है, वही जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि यदि विधायक के संरक्षण में नही हो रहा है तो मेरी चुनौती है कि दो दिनों में अवैध शराब और कारोबार पर रोक लगाए ।

# आदर्श बौद्ध विहार कालकपारा में भूमि पूजन

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**डोंगरगढ़ 8 अगस्त।** डोंगरगढ़ क्षेत्र के आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बौद्ध विहार में विधायक महोदय द्वारा 25 लाख रुपए का अनुदान बुद्ध विहार के निर्माण के लिए दिया गया जिसका भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भुनेश्वर बघेल अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्राधिकरण एवं विधायक डोंगरगढ़, अध्यक्षता नवाज खान अध्यक्ष केंद्रीय सहकारी बैंक राजनांदगांव, विशिष्ट अतिथि विवेक वासनिक अध्यक्ष राजगामी न्यास संपदा राजनंदगांव, धनेश पटिला कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ शासन, सुदेश मेश्राम अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, उमा महेश वर्मा उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, नलिनी मेश्राम प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस छत्तीसगढ़,थानेश्वर पटिला , के एल टांडेकार प्राचार्य दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव मंचस्थ थे, कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों ने तथागत गौतम बुद्ध व बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात दीप प्रज्वलित किया गया कार्यक्रम में धर्मगुरु भदंत नागरत्न द्वारा उपस्थित उपासक उपासिकों को सामूहिक वंदना ग्रहण कराई गई कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए अतिथियों का स्वागत किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री नवाज खान ने कहा कि डोंगरगढ़ में बौद्ध समाज की संख्या बहुत बड़ी है जो आज मुझे दिख भी रही है मैं हमेशा से यह वर्ग के लोगों को देखता हूं इन्होंने बाबा साहब के सपने को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास किया है और हमारी सरकार द्वारा इसी प्रकार हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है उन्होंने समाज की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक स्तर पर बौद्ध समाज द्वारा समय-समय पर सभी धर्म व वर्ग के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य किए जाते हैं जो सराहनीय है कार्यक्रम को विधायक भुनेश्वर बघेल ने भी संबोधित किया तब उन्होंने कहा कि मैं जब भी इस बौद्ध विहार में आता हूं तो मुझे अपनापन सा लगता है मुझे यह समाज नहीं अपना घर लगता है मैं हमेशा से बौद्ध समाज के लोगों से जुड़ा हुआ हूं और आशा करता हूं कि आगे भी ऐसे ही जुड़ा रहूंगा , वर्तमान सरकार द्वारा हमेशा से सभी वर्गों को ध्यान में रखकर कार्य किया जा रहा है इसीलिए आज हमारी सरकार के कार्यकाल में गरीब, मजदूर, किसान, युवा सभी खुश है और सभी वर्तमान सरकार की कार्यों की सराहना करते हैं।

### बापू की प्रतिमा का लोकार्पण

**रायपुर 8 अगस्त।** बापू की हम सब सन्तान हैं हमारी पहचान ही अहिंसा के प्रतीक महात्मा गांधी है,विदेशो में भी हमारी पहचान गांधी के देश भारत के नाम पर होती है उक्त उदगार डॉ चरणदास महन्त अध्यक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़ ने रविशंकर विश्विद्यालय प्रांगण में बापू प्रतिमा के लोकार्पण कार्यक्रम में व्यक्त किये। ग़ौरतलब है कि रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर केम्पस में सत्यनारायण शर्मा विधायक पूर्वमंत्री कार्यपरिषद सदस्य ने गांधी जी के समकालीन अपने पितामह पद्मभूषण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प.झाबरमल्ल शर्मा की स्मृति में साढ़े नो फुट ऊंची 300किलो वजनी प्रतिमा भेंट की। प्रतिमा का लोकार्पण डॉ चरणदास महन्त अध्यक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़ के द्वारा किया गया,इस अवसर में सत्यनारायण शर्मा,प्रो



सच्चिदानंद शुक्ल कुलपति , विधायक, गुरुमुख सिंग होरा पूर्व विधायक, स्वरूपचंद जेन पूर्व विधायक,पंकज शर्मा अध्यक्ष सहकारी बैंक,अजय तिवारी,डॉ सुरेश शुक्ला, डॉ देवाशीष मुखर्जी,शैलेंद्र पटेल रजिस्टार,प्रो वेनुगोपाल मेंम,डॉ रोहाणी प्रसाद ,प्रो ए के श्रीवास्तव एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### शीसकीय राशन दुकान के खुलने का समय व तिथि निश्चित नहीं

**छूरिया 8 अगस्त।** वैसे तो छूरिया नगर पंचायत किसी ना किसी



क्रियाकलाप को लेकर सुर्खियो मे रहेता है और जनहित के मुद्दे से किसी को कोई सरोकार नही है नगर पंचायत छूरिया के उचित मूल्य की राशन दुकान का खूलने का समय कोई निश्चित तारीख वा कोई निश्चित दिन निर्धारित नही है आज महीने का 8 तरीक हो जाने के बाद भी राशन वितरण प्रारम्भ नही हूआ है जबकी इस महिने का भंडारण उठा लिया गया है फिर भी वितरण प्रारम्भ नही होने से काफ़ी मूशकीलो का काड् धरियो को समना करना पड रहा है इस ओर किसी भी जनप्रतिनिधियो का ध्यान आकर्षित नही है सेल्समैन महीने के बीच मे वितरण चालू करता है जिससे भीड की स्थिति निर्मित होती है फिर महीने के लास्ट में जो ले गया वह ले गया और जो नहीं ले जा पाया भीड़ की वजह से वह सेल्समैन का हो गया सेल्समैन के द्वारा इतना अंधेर गर्दी करने के बाद भी कोई गरीबों का हितेषी कोई जिम्मेदार नजर नहीं आता जिसके वजह से सेल्समैन अपनी मन मुताबिक राशन दुकान खोलता वा बंद करता है जिससे परेशान सिर्फ गरीब लोग होते हैं खाद्यान्न वितरण में लापरवाही की सारी हदें सिर्फ छूरिया शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकान में है।

### इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी अल्टीग्रीन ने एक्सिस बैंक के साथ की साझेदारी

**रायपुर 8 अगस्त।** भारत की शीर्ष वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी अल्टीग्रीन ने अपने ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार फ़ाइनेंस के विकल्प प्रदान करने के लिए भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक के साथ साझेदारी की है। यह साझेदारी खरीदारी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और सरल बनाने और ग्राहकों को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बदलाव के लिए सशक्त बनाने के लिहाज से की गई है। इस तरह एक्सिस बैंक के वित्तीय उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला अब पूरे भारत में अल्टीग्रीन के ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी। इस साझेदारी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए अल्टीग्रीन के सीएफओ श्री शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा, ÷हमें इस बात की खुशी है कि हम एक्सिस बैंक के सहयोग से आसान फ़ाइनेंस विकल्प पेश करने में सक्षम हो गए हैं। अल्टीग्रीन के ग्राहकों के पास अब भारत के सबसे बड़े बैंकों में से एक से संरक्षित और सुरक्षित वित्तीय समाधान सेवाओं तक पहुंच है। अपनी उत्कृष्ट बिक्री-पश्चात सेवा और एक्सिस बैंक की फ़ाइनेंस संबंधी सेवाओं के साथ, हम अपने ग्राहकों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करना जारी रखेंगे। सहयोग पर टिप्पणी करते हुए, एक्सिस बैंक के ग्रुप एक्जीक्यूटिव और हेड रिटेल बैंकिंग, श्री सुमित बाली ने कहा, ÷हम अल्टीग्रीन के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं, जिसके साथ हम पर्यावरण-अनुकूल गतिशीलता समाधान बढ़ाने का एक साझा लक्ष्य साझा करते हैं।

# विधायक भुनेश्वर बघेल ने धुसेंरा,नागतराई में पटेल, सिन्हा और लोधी समाज भवन का किया भूमिपूजन

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**डोंगरगढ़ 8 अगस्त।** विधायक अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण माननीय भुनेश्वर बघेल जी डोगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम धुसेंरा पहुंचते ही सरपंच सहित जन समुदाय ने गर्मजोशी से स्वागत किया और भारत माता के तैल चित्र दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की तत्पश्चात पटेल( मरार) समाज 6¬50 लाख के भवन का भूमि पूजन किया और मंच भवन 3 लाख का लोकार्पण की तथा नागतराई पहुंचे जहां सरपंच, ग्रामीण जन के साथ कलार समाज के लोगों ने विधायक जी का फूल माला और आतिशबाजी कर गर्मजोशी से स्वागत किया और बहादुर कलारिन, सहस्त्रबाहु के तैल चित्र दीप प्रज्वलित कर



पूजा अर्चना की तथा सिन्हा (कलार) समाज भवन 6¬50 लाख और लोधी समाज भवन 6¬50 लाख के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया जिसमें उद्बोधन भाषण देते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने कहा विधायक भुनेश्वर बघेल क्षेत्र के सभी समाजों के मांग पूरा कर रहे हैं साथ ही युवा, महिलाओं के मांग के अनुरूप काम कर रहे हैं ऐसे विधायक हमें पुनः बनाना है जिला कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री चुम्मन साहू ने कहा माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सहयोग से विधायक भुनेश्वर बघेल डोगरगढ़ विधानसभा के ऐसी कोई गांव नहीं है जहां निर्माण विकास कार्य नहीं हुआ है पूरे क्षेत्र में विकास की गंगा बहा दी है जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री किसानों के दुःख पिड़ा को जानते हैं इसलिए धान खरीदी 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 किवंटल कर दिए एवं डोगरगढ़ जनपद सदस्य सभापति मनोज सिन्हा ने कहा कलार समाज द्वारा 15 जुलाई को मांग की गई जो तत्काल स्वीकृति मिली और आज 6 अगस्त को कार्य की भूमि पूजन हो रहा है इतने जल्दी स्वीकृति दिलाने के लिए समाज की ओर से धन्यवाद ज्ञापित विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा क्षेत्र के जो भी मांगा आ रहे हो उन्हें पूरा करने के पूरा प्रयास कर रहे हैं तथा हमारी छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा आत्मानंद स्कूल, सिंचाई सुविधा बढ़ाने का काम डोगरगढ़ में स्वास्थ्य के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण जैसे अनेक काम हुए हैं जनता से 2023 चुनाव में पुनः सहयोग देने की अपील की आभार व्यक्त सरपंच पीतांबर सिन्हा और छतरी वर्मा ने की जिसमें उपस्थित थे जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा, डोगरगढ़ तहसील कलार समाज मंडलेश्वर डोगरगढ़ तहसील कलार समाज मंडलेश्वर मनोज सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा , मंडी सदस्य फिरंगी पटेल, महिला ब्लॉक अध्यक्ष लता साहू, जिला कांग्रेस संयुक्त महामंत्री चुम्मन साहू, महामंत्री राजू राजपूत, विधायक प्रतिनिधि आरती वर्मा, सरपंच पिताबंर सिन्हा, छतरी वर्मा, सेक्टर प्रभारी योधन दास साहू ,दिनेतू प्रकाश जांगड़े,गोविंद टंडन, गायत्री यादव, कीर्तन मंडावी, राजेंद्र धुर्वे, रामगुलाम सिन्हा, चंद्रेश्वर पटेल, बलराम धुर्वे, हेम कुमार सिन्हा, कुमलाल वर्मा, टुमेश नेताम, खोरबारह सिन्हा, गौतम सिन्हा, श्यामचंद्र शुक्ला, चुरामन सिन्हा, हीरालाल, लक्की सिन्हा, अनूप सिन्हा, उत्तम सिन्हा, राजेंद्र सिन्हा एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

संपादकीय

# कई लोगों को निराशा होगी

मोदी सरनेम के मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर रोक लगा दी है। इसका विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए पर असर तो पडेगा ही। इससे कांग्रेस राहुल गांधी को पीएम उम्मीदवार के तौर पर और जोरशोर से पेश कर सकेगी। कांग्रेस तो शुरू से ही चाहती है कि राहुल गांधी को ही विपक्ष पीएम पद का उम्मीदवार बनाए। यानी पीएम मोदी के मुकाबले राहुल गांधी को ही पेश किया जाए। विपक्ष के कई नेता ऊपरी तौर पर तो यह कहते हैं कि उन्हें राहुल गांधी की उम्मीदवारी पर कोई एतराज नहीं है। लेकिन भीतरी तौर पर तो कई नेता चाहते है कि राहुल गांधी से ज्यादा योग्य तो वह हैं विपक्ष के नेताओं को राहुल गांधी की जगह उन्हें पीएम पद का उम्मीदवार बनाना चाहिए। इस बात के स्पष्ट संकेत तब सामने आए जब राहुल गांधी को मोदी सरनेम मानहानि मामले मे निजली अदलातों ने दो साल की सजा सुनाई। तब मामला सुप्रीम कोर्ट नहीं गया था, इसलिए विपक्ष के कई नेता मान कर चल रहे थे यही मौका है कि विपक्ष से उम्मीदवारी का दावा पेश कर दिया जाए। विपक्ष के कई नेताओं को ऐसा लगा कि राहुल गांधी को दो साल की सजा हो गई है,वह अब आठ साल तक चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट से भी राहत शायद ही मिले। इसलिए एक के बाद एक नेता अपने समर्थकों के जरिए अपनी दावेदारी की। सबसे पहले ममता बैनर्जी ने विपक्ष की तरफ से पीएम पद के लिए दावेदारी पेश की। टीएमसी की नेता शताब्धी राय ने सबसे पहले कहा कि इस वक्त देश में विपक्ष की तरफ से सबसे योग्य उम्मीद्वार ममता बैनर्जी हैं। वह बंगाल में भाजपा को हरा सकती हैं तो देश में भी भाजपा को हरा सकती हैं। ममता समर्थक नेता का बयाने आने पर नीतीश कुमार समर्थक क्यों चुप रहते। बिहार से नीतीश कुमार समर्थक नेता ने प्रेस कांफ्रेस कर कहा कि इस वक्त विपक्ष से पीएम उम्मीदवार के रूप में नीतीश कुमार से बेहतर नेता कोई नहीं है। इसके अलावा शरद पवार व अरविंद केजरीवाल भी लाइन में हैं। वह भी नीतीश कुमार की तरह अपनी तरफ से तो कहना नहीं चाहते कि वह भी पीएम प्रत्याशी के तौर पर योग्य हैं लेकिन वह चाहते हैं कि विपक्ष खुद उन्हें पीएम प्रत्याशी बनाने की पहले करें। इसी तरह अखिलेश यादव भी मौका आया तो पीएम प्रत्यशी के तौर पर अपना दावा पेश कर सकते हैं। अब राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा दी गई है तो स्वाभाविक रूप से कांग्रेस के लिए तो वही पीएम पद के प्रत्याशी हैं। इससे प्रियकां गांधी समर्थक नेताओं को भी बड़ी निराशा हुई होगी क्यंकि वह मान कर चल रहे थे कि राहुल गांधी चुनाव नहीं लड़ पाएंगे तो उनकी जगह प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ेगी और वही पीएम प्रत्याशी होंगी। सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी की सजा पर रोक लगने से सबसे ज्यादा निराशा उन लोगों को हुई है जो पीएम बनने का सपना देख रहे थे। राहुल गांधी की सजा पर रोक लगने से भाजपा समर्थक नेता भी खुश हैं कि फिर एक बार राहुल गांधी व पीएम मोदी का आमने सामने का मुकाबला होगा। यह तीसरा मुकाबला होगा। दो मुकाबलों में तो पीएम मोदी ने कांग्रेस को जबरदस्त शिकस्त दी है। देश की जनता ने पीएम मोदी व राहुल गांधी के बीच चुनाव में पीएम मोदी को ही चुना है, उसे बहुमत की मजबूत सरकार दी है। मजबूत सरका मिलने पिछले नौ साल में पीएम मोदी ने ऐसे ऐसे काम किए जो मजबूत सरकार ही कर सकती थी। अब पीएम मोदी ने अपने तीसरे टर्म के लिए खुद ही अपना लक्ष्य तय कर लिया है कि वह देश को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाएंगे।ऐसा करके मोदी ने राहुल गांधी के सामने इतनी बड़ी लकीर खींच दी है कि राहुल गांधी जब तक कोई इससे बड़ा लक्ष्य विपक्ष के लिए घोषित नहीं करते हैं, वह पीएम मोदी के मुकाबले छोटे ही बने रहेंगे।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन ठीक रहेगा। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन राहतपूर्ण रहेगा, वह ऑनलाइन शॉपिंग में समय बिता सकती है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी मल्टीनेशनल कम्पनी में जॉब के लिए आपको कॉल आ सकती है। दाम्पत्य जीवन में आज मधुरता बनी रहेगी। घर के कामों में परिवार के लोग सहायता करेंगे। इलेक्ट्रानिक सामान खरीदना चाहते हैं तो आज खरीद सकते हैं। आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा।

वृष राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपके चंचल स्वाभाव के कारण लोग आपसे प्रभावित होंगे। बेहतर होगा आप बड़ों की राय को सुनें और उनको मानें। अगर आप वाहन खरीदने का प्लान बना रहे तो थोड़ा रुक जाएं। लम्बे समय से सोचा हुआ कार्य आज पूरा हो जाएगा। जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है, पुराने किए गए कार्यो की प्रशंसा होगी। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती हैं, दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। आर्किटेक से जुड़े लोगों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है।

कर्क राशिः आज आप परिवारवालों के साथ समय बिताएंगे। घर में खुशी का महौल बना रहेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है। टेन्ट हाउस वालों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। पुराना रुका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य फिट रखने के लिए फल खाएं, फायदा मिलेगा। धार्मिक कार्यो में मन लगाने से आपको मानसिक शांति मिलेगी।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आपके सारे काम आसानी से हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है। बिजनेस के सिलसिले में दोस्त के साथ बाहर जा सकते हैं। लवमेट्स आज कहीं घूमने जाएंगे। आपका दाम्पत्य जीवन शानदार रहने वाला है। जीवनसाथी प्रसन्न होने की वजह देंगे। नन्हे मेहमान के आने से घर में खुशियों का माहौल बना रहेगा।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। परिवार के सभी सदस्यों मिलकर आज मनोरंजक गतिविधियों का आनंद उठाएंगे। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है। आपके व्यापार में वृद्धि होने के योग बने हुए है। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। बिजनेस में अचानक कहीं से धन लाभ होगा। इससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। कोई भी काम माता-पिता का आर्शीवाद लेकर शुरू करेंगे, तो निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। जरूरतमंद की मदद करेंगे। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे, समाज में आपका नाम होगा।

वृश्चिक राशिः आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। अगर आप नई जमीन लेने का प्लान बना रहे हैं तो घर के बड़ों की राय जरूर लें। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है, सफलता मिलने के योग बने हुए है। लवमेट्स आज एक दूसरे को उपहार देंगे, इससे रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी।

धनु राशिः आज आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा। कई दिनों से चल रहीं कड़ी मेहनत आज रंग लाएगी। आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है जिन्हें आप बखूबी निभाएंगे। किसी कार्य को पूरा करने के लिए आसपास के कई लोग आपको सलाह देंगे। जीवनसाथी पर भरोसा बनाएं रखें, रिश्ते मजबूत होंगे। सेहत के लिहाज से आज आप ठीक रहेंगे। कई दिनों से चल रही कोई पारिवारिक समस्या समाप्त होगी, घर में खुशहाली बनी आएगी।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। करियर में आ रहे उतार-चढ़ाव से आज आप निपटने में सक्षम होंगे। लेकिन किसी अनुभवी सीनियर्स की मदद से आपको थोड़ी राहत मिलेगी। घर में बच्चों के साथ आपका ज्यादा टाइम बितेगा। माता-पिता बच्चों को कोई अच्छी सलाह भी दे सकते हैं। छात्रों को आज ऑनलाईन कुछ नया सीखने को मिलेगा।

कुंभ राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपके सामने कई चुनौतियां भी आएंगी लेकिन आप इनका डटकर मुकाबला करने में सफल होंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा। करियर संबंधी चुनाव करने के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। सेहत के प्रति आज आपको सतर्क रहना होगा। लवमेट्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को पदोन्नती के अवसर प्राप्त होंगे। ऑफिस में कार्यशीलता के लिए आपको सम्मानित किया जा सकता है। पहले से चल रही किसी दोस्त से अनबन आज समाप्त हो जाएंगी। परिवारवालों के साथ घर पर स्वादिष्ट डिनर का प्लान बना सकते हैं। आपके जीवन में चल रही सारी समस्याओं का हल निकल जाएगा। महिलाएं आज घर के कामों में बिजी हो सकती हैं, बच्चे उनकी मदद करेंगे।

# दरिंदगी भरी हैवानियत:भट्ठी में झोंकी जाती बच्चियां ?

### यौन बर्बरता

**मनोज कुमार अग्रवाल**



एक बार फिर एक नाबालिग बच्ची दुष्कर्म के बाद जिंदा आग की भट्टी में झोंक कर राख कर दी गयी। करीब तीस साल पहले नई दिल्ली के एक यूथ कांग्रेसी नेता के फार्महाउस के तंदूर में नैना साहनी को जिंदा जला दिया गया था। नैना व्यस्क थी लेकिन अब एक मजलूम घास चराने वाली चरवाहा तेरह साल की मासूम बच्ची को कोयले की भट्टी में झोंक दिया गया। हम तीस साल पहले भी नारी सुरक्षा के नारे लगा रहे थे और आज भी बेटी बचाओ की दलील देते हैं लेकिन हकीकत यह है कि दिन पर दिन लड़कियों बच्चियों के साथ क्रूरता और बर्बरता की नयी क्रूरतम वारदातें सामने आ रही हैं ।

अब की बार यह दिल दहला देने वाली वारदात राजस्थान के भीलवाड़ा में सामने आई है। यानि तीस साल में कुछ नहीं बदला? न दरिंदों की सोच बदली न कानून का भय बन पाया। एक मजलूम बच्ची की नृशंस हत्या की घटना ने यही साबित किया है कि देश के दूसरे राज्यों की तरह राजस्थान में भी कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और ऐसा लगता है कि अपराधियों के भीतर पुलिस प्रशासन कानून का कोई भय नहीं रह गया है।

आप को बता दें मिली रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोटड़ी इलाके के नरसिंहपुरा गांव में बकरी चराने खेतों की ओर गई बच्ची जब देर तक घर नहीं लौटी तब उसके परिवार के लोगों ने ढूंढ़ना शुरू किया। खेतों में लकड़ी जला कर कोयला बनाने वाली एक भट्टी में कुछ अवशेष मिलने और उसकी पहचान के बाद यह पता चल सका कि बच्ची की हत्या करके उसे जला दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बलात्कार की भी आशंका जताई है। जब लोगों का गुस्सा बढ़ा और मामले ने तूल पकड़ा तब पुलिस हरकत में आई और चार आरोपियों को हिरासत में लिया। लेकिन आखिर क्या कारण है कि राजस्थान समेत देश भर में पिछले कुछ समय से बलात्कार की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं और सरकारें उनकी मातहत पुलिस को इन वारदातों पर प्रभावी रोक लगाने में नाकाम रहती हैं। सरकार और पुलिस के कामकाज का वह कौन-सा तरीका है कि आपराधिक मानसिकता वाले लोगों के भीतर कोई खौफ नहीं रह गया लगता है। राजस्थान पुलिस की हाल की एक रिपोर्ट के अनुसार दस साल से कम आयु की बच्चियों से बलात्कार की घटनाओं में करीब तीन फीसद बढोत्तरी हुई है। वहीं छोटी बच्चियों से सामूहिक बलात्कार की वारदात में भी इस साल करीब 14 फीसद की बढ़ोतरी हुई है।यह पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ सालों में मासूम बच्चियों के खिलाफ यौन हिंसा और दरिंदगी की घटनाएं बढ़ी हैं। बलात्कार के ज्यादातर मामलों में मुख्य आरोपी पीड़ित के परिचित ही होते हैं। लेकिन इन घटनाओं पर पुलिस को जहां सक्रिय होकर अपराधियों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई करनी चाहिए वहां शासन-प्रशासन के भीतर एक नकारात्मक बोध है। यह सिर्फ राजस्थान की नहीं अन्य राज्यों की भी कमोबेश यही हालात हैं।

दरअसल राजनीतिक दलों द्वारा मेरी कमीज तेरी कमीज से सफेद की तर्ज पर अपने प्रदेश के अपराध को कम तथा दूसरे दल की सरकारों वाले प्रदेश की कानून व्यवस्था पर अंगुली उठाने का काम किया जाता है। क्या यही वजह है जिस के चलते प्रदेशों की कानून व्यवस्था बेहतर नहीं हो पाती है? आपराधिक तत्त्व लचर व्यवस्था का फायदा उठाकर बेखौफ हो रहे हैं । सवाल है महिला निर्वस्त्र कांड पर हंगामा करने वाली कांग्रेस के सर्वेसर्वा राहुल, प्रियंका या खडगे भीलवाड़ा की मजलूम के घर क्यों नहीं गए?

सवाल यह है कि फिर देश के दूसरे इलाकों में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को लेकर आक्रामक रहने वाली पार्टियों को क्या राजस्थान में भी बढ़ते अपराधों और खासतौर पर महिलाओं और नाबालिग बच्चियों के खिलाफ यौन हिंसा के दिल दहला देने वाले मामलों को लेकर संवेदनशील और कठोर रुख नहीं अपनाना चाहिए?जो कांग्रेसी सांसद मणिपुर की हालत पर चिंता जताते हैं क्या उन्हें राजस्थान के भीलवाड़ा की इस गरीब नाबालिग की कोयले बनाने की भट्ठी में कई गयी अग्नि समाधि में नृशंस हत्या के घटना स्थल का दौरा कर पीड़ित परिवार से सहानुभूति नहीं जतानी चाहिए? दरअसल, यौन हिंसा की बढ़ती घटनाएं जहां कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर सरकारों की नाकामी का नतीजा हैं, तमाम केंद्र व राज्य सरकारों के बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के नारों के बीच बेटी दिन रात देश के हर हिस्से में अपनी आबरू और जान बचाने के लिए कसमसा रही है। शहरों की एलीट सोसाइटी से लेकर गांव की पगडंडियों तक बेटियां असुरक्षित हैं। वहीं एक सवाल यह भी है कि बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के मामले बिगड़ती तस्वीर को लेकर कानूनी सख्ती के साथ-साथ देश भर में नारी सुरक्षा को लेकर एक वैचारिक व सामाजिक चेतना जागृत करने की जरूरत है ? कुछ लोगों के भीतर ऐसी कुंठा और मानसिक विकृति पनपती रहती है, जिसके तहत मासूमों की हत्या या उनके खिलाफ यौन हिंसा करते हैं । यौन अपराध की शिकार बच्चियों को कभी अंकिता की भांति देवभूमि उत्तराखंड की झील में धक्का देकर मार दिया जाता है तो कभी राजधानी दिल्ली में सत्तर टुकड़े काट कर फ्रीज में रखा जाता है। इन सबसे भी अधिक क्रूरतापूर्ण व बर्बरता भरी दिल दहला देने वाली वारदात भीलवाड़ा की तेरह साल की बकरी चराने वाली गरीब मासूम बच्ची का यौन शोषण कर कोयला बनाने की भट्ठी में झोंक कर मार डालने की है। ऐसा अपराध करने वालों को जिंदा रहने का कोई हक नहीं है राजस्थान सरकार को जल्द से जल्द ऐसे मामले में इंसानियत के दुश्मनों को फांसी के फंदे तक पहुंचाने की कानूनी पहल करनी चाहिए।

जरूरत इस बात की भी है कि समाज में ऐसे वातावरण का निर्माण किया जाए जिसमें महिलाओं के प्रति सम्मान हो जब तक गली मोहल्लों में महिलाओं के चरित्र हनन से जुड़ी गालियां देना अपराध की श्रेणी में शामिल नहीं किया जाएगा तब तक महिला या नारी सुरक्षा व सम्मान की बात करना बेमानी है । दरअसल हमारे समाज में बचपन से ही बच्चों के दिलो-दिमाग में महिलाओं के संबंध में अनुचित यौन व्यवहार की छवि गालियों के माध्यम से प्रवेश कर जाती है जो जीवन भर एक इंसान के व्यक्तित्व को प्रभावित करती है। कानून के द्वारा यदि बलात्कार या यौन अपराध जैसी समस्याओं का निस्तारण हो पाता तो यह कब का हो गया होता? लेकिन सख्त से सख्त कानून बनाने के बावजूद महिला यौन उत्पीड़न महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की घटनाएं लगातार घटने के स्थान पर बढ़ती ही जा रही है ऐसी स्थिति में सबसे पहले महिलाओं के प्रति एक स्वस्थ सामाजिक वातावरण व सोच तैयार करनी होगी तभी महिलाओं के खिलाफ होने वाली यौन हिंसा को नियंत्रित किया जा सकता है।

# आदिवासी के अस्तित्व एवं अस्मिता की रक्षा हो

### विश्व आदिवासी दिवस

**ललित गर्ग**



अन्तरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस, विश्व में रहने आदिवासी लोगों के मूलभूत अधिकारों जल, जंगल, जमीन को बढ़ावा देने और उनकी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और न्यायिक सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व में शांति कायम हो की थीम पर यह दिवस मनाया जायेगा। यह दिवस उन उपलब्धियों और योगदानों को भी स्वीकार करता है जो वनवासी लोग पर्यावरण संरक्षण, आजादी, महा आंदोलनों, जैसे विश्व के मुद्दों को बेहतर बनाने के लिए करते हैं। यह पहली बार संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दिसंबर 1994 में घोषित किया गया था। ग्रह पर कुल मानव आबादी का लगभग 47 करोड़ हिस्सा आदिवासी लोगों का है। इसके अलावा, दुनिया में 100 से अधिक गैर-संपर्क जनजातियाँ हैं। दुनिया में बोली जाने वाली 7000 भाषाओं में से 4000 भाषाएँ आदिवासी लोगों द्वारा बोली जाती हैं। आदिवासी लोग प्रकृति की पूजा करते हैं, प्रकृति में जीते है, जल, जंगल एवं जमीन से जुड़े इन लोगों ने प्रकृति एवं पर्यावरण को संरक्षित कर रखा है।

आदिवासी महिलाएं आदिवासी समुदाय की रीढ़ है, वे पारंपरिक पैतृक ज्ञान के संरक्षण और प्रसारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्राकृतिक संसाधनों की देखभाल और वैज्ञानिक ज्ञान के रखवाले के रूप में उनकी एक अभिन्न सामूहिक और सामुदायिक भूमिका है। दुनिया भर में रहने वाले 47 करोड़ आदिवासी और जनजाति समुदायों के सामने जंगलों का कटना और उनकी पारंपरिक जमीन की चोरी सबसे बड़ी चुनौती है। वे धरती पर जैव विविधता वाले 80 प्रतिशत इलाके के संरक्षक हैं लेकिन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लोभ, हथियारबंद विवाद और पर्यावरण संरक्षण संस्थानों की वजह से बहुत से समुदायों की आजीविका एवं अस्तित्व खतरे में हैं, ग्लोबल वॉर्मिंग का असर हालात को और खराब कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार आदिवासी जनजातियां 90 देशों में फैली हैं, 5,000 अलग अलग संस्कृतियां और 4,000 विभिन्न भाषाएं, इस बहुलता के बावजूद उन्होंने अनेक संघर्ष झेले हैं और आज भी दुनिया में आदिवासी समुदाय खतरे में हैं। भारत सहित दुनिया की आदिवासी महिलाएं हिंसा, यौन शोषण एवं अपराध की शिकार है। मणिपुर में 19 जुलाई, 2023 को दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाने एवं पश्चिम बंगाल के मालदा में भीड़ ने दो आदिवासी महिलाओं की पिटाई की, फिर उन्हें अर्धनग्न कर दिया गया। आदिवासी महिलाओं के साथ होने वाली ऐसी घटनाएं देश-विदेश के सभ्य समाजों को झकझोर दिया है।

इस वर्ष का 'विश्व आदिवासी दिवस' भारत के लिये विशेष महत्वपूर्ण है। क्योंकि भारत की नई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वनवासी समुदाय से जुड़ी होने के साथ-साथ एक महिला है, उन्होंने प्रकृति एवं पर्यावरण के संकटों को करीब से देखा है, यह भारत की विकराल होती समस्या है, जिसका गहराना जीवन को अंधेरा में धकेलना है, अतः वे इस समस्या के दर्द को गहराई से महसूस करती है, तभी उन्होंने कहा कि मेरा तो जन्म उस जनजातीय परंपरा में हुआ है जिसने हजारों वर्षों से प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर जीवन को आगे बढ़ाया है। मैंने जंगल और जलाशयों के महत्व को अपने जीवन में महसूस किया है। हम प्रकृति से जरूरी संसाधन लेते हैं और उतनी ही श्रद्धा से प्रकृति की सेवा भी करते हैं। जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी और प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो पृथ्वी और प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। भारत भी इसी समृद्धता का देश है, लेकिन इनकी समृद्धता की उपेक्षा के कारण अनेक समस्याएं विकास की बड़ी बाधा बनती जा रही है। संभव है कि द्रौपदी मुर्मू के नेतृत्व में प्रकृति एवं पर्यावरण की समस्या के साथ-साथ आदिवासी महिलाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान होगा।

आदिवासियों में एक बड़ी समस्या धर्मपरिवर्तन की है। गुजरात के आदिवासी क्षेत्र में सुखी परिवार फाउण्डेशन का संचालन आदिवासी संत गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में वर्ष 2005 से करते हुए हम शिक्षा, सेवा, जनकल्याण की अनेक गतिविधियों को आकार दे रहे हैं, वहां मैंने आदिवासी समस्याओं को बहुत करीब से देखा हैं, उनमें सबसे बड़ी समस्या धर्म परिवर्तन एवं महिलाओं एवं बालिकाओं का लापता होना है। प्रलोभनों एवं साम्प्रदायिक ताकतों के कारण कई आदिवासी अपने धर्म को बदलकर आदिवासी समाज से बाहर हो रहे हैं जिसमें ईसाई धर्म को सर्वाधिक स्वीकार गया है। एशिया में विशेषकर भारत के आदिवासी भी इस मानसिकता की ओर तेजी से बढ़ रहे है, ईसाई मिश्नरियों ने भारत के आदिवासी क्षेत्र छतीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा, अंडमान निकोबार, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र में धर्मांतरण के लिये विद्यालयों एवं छात्रावासों में सफल अभियान चलाया है। ऐसे में आदिवासी की अपनी संस्कृति एवं उनका अस्तित्व खतरा में आ गया। आदिवासी अर्थात जो प्रारंभ से वनों में रहता आया है। करीब 400 पीढ़ियों पूर्व सभी भारतीय वन में ही रहते थे और वे आदिवासी थे परंतु विकासक्रम के चलते पहले ग्राम बने फिर कस्बे और अंत में नगर, महानगर। यही से विभाजन होना प्रारंभ हुआ। जो वन में रह गए वे वनावासी, जो गांव में रह गए वे ग्रामवासी और जो नगर में चले गए वे नगरवासी कहलाने लगे। भारत में लगभग 25 प्रतिशत वन क्षेत्र है, इसके अधिकांश हिस्से में आदिवासी समुदाय रहता है। लगभग नब्बे प्रतिशत खनिज सम्पदा, प्रमुख औषधियां एवं मूल्यवान खाद्य पदार्थ इन्हीं आदिवासी क्षेत्रों में हैं। भारत में कुल आबादी का लगभग 11 प्रतिशत आदिवासी समाज है।

स्वतंत्रता आन्दोलन में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे अनेक महान् आदिवासी हुए हैं जिन्होंने भारत की मिट्टी एवं उसके स्वतंत्र अस्तित्व-आजादी के लिए अपना बलिदान एवं महान योगदान दिया। ऐसे महान वीर आदिवासियों से भारत का इतिहास समृद्ध है, जिनमें अप्पा साहब, तात्या टोपे, डा. बी.आर. अम्बेडकर, जयपाल सिंह मुण्डा, शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गंडाधुरा, शहीद रानी दुर्गावाती, शहीद बीरसा मुंडा, शहीद सिद्धों, कानु, शहीद तिलका मांझी, शहीद गेंद सिंह, झाड़ा सिरहा जैसे महान आदिवासियों ने अपना बलिदान देकर समाज एवं देश के लिये एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। फिर क्या कारण है कि इस जीवंत एवं मुख्य समाज को देश की मूल धारा से काटने के प्रयास निरन्तर किये जा रहे हैं। आजादी के बाद बनी सभी सरकारों ने इस समाज की उपेक्षा की है। यही कारण है कि यह समाज अनेक समस्याओं से घिरा है। अन्तर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाते हुए हमें आदिवासी समाज के अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाने के प्रयासों को नियंत्रित करने पर चिन्तन करना होगा। क्योंकि यह दिवस पूरी दुनिया में आदिवासी जन-जीवन को समर्पित किया गया है, ताकि आदिवासियों के उन्नत, स्वस्थ, समतामूलक एवं खुशहाल जीवन की नयी पगडंडी बने, विचार-चर्चाएं आयोजित हो, सरकारें भी सक्रिय होकर आदिवासी कल्याण की योजनाओं को लागू करें।



राजनीतिक स्वार्थ के चलते हजारों वर्षों से जंगलों और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले आदिवासियों को हमेशा से दबाया और कुचला जाता रहा है जिससे उनकी जिन्दगी अभावग्रस्त ही रही है। केंद्र सरकार आदिवासियों के नाम पर हर साल हजारों करोड़ों रुपए का प्रावधान बजट में करती है। इसके बाद भी उनकी आर्थिक स्थिति, जीवन स्तर में कोई बदलाव नहीं आया है। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने आदिवासी क्षेत्रों में घुसपैठ की है जिससे भूमि अधिग्रहण काफी हुआ है। आदिवासियों की जमीन पर अब वे खुद मकान बना कर रह रहे हैं, बड़े कारखाने एवं उद्योग स्थापित कर रहे हैं, कृषि के साथ-साथ वे यहाँ व्यवसाय भी कर रहे हैं। भूमि हस्तांतरण एक मुख्य कारण है जिससे आज आदिवासियों की आर्थिक स्थिति दयनीय हुई है। माना जाता है कि यही कंपनियां आदिवासी क्षेत्रों में युवाओं को तरह-तरह के प्रलोभन लेकर उन्हें गुमराह कर रही है, अपनी जड़ों से कटने को विवश कर रही है। उनका धर्मान्तिरण किया जा रहा है। उन्हें राष्ट्र-विरोधी हरकतों के लिये उकसाया जाता है।

# क्या युवा दिमाग समझेगा?

### चिंतन

**हरिशंकर व्यास**

हिसाब से गुजरा सप्ताह हिंदू नौजवानों के लिए सोचने वाला था। आखिर दिल्ली, एनसीआर, गुरूग्राम आईटीकर्मियों का नंबर एक ठिकाना है। उत्तर भारत व हिंदीभाषी इलाके में ऐसा दूसरा कोई इलाका नहीं है जो यूथ की दिमागी तरंगों का एपिसेंटर हो। तभी नूंह, गुरूग्राम में हिंदू बनाम मुस्लिम हिंसा में जब इंटरनेट बंद हुआ, वैश्विक आईटी कंपनियों ने घर से काम करने के फरमान दिए तो सवाल था कि नौकरीपेशा नौजवान वोटखोरी की हिंदू राजनीति को समझते हुए होंगे या नहीं? इतना तो समझ आना चाहिए कि ज्यों-ज्यों चुनाव करीब आते हैं त्यों-त्यों हिंदू बनाम मुसलमान बनता है तो आखिर इससे क्या जाहिर? चुनाव से पहले यह सब और उसके बाद नरेंद्र मोदी सऊदी अरब जा कर उसके बादशाह के गले मिलेंगे। वेटिकन जा कर पोप से आशीर्वाद लेंगे! मतलब कब्रिस्तान-श्मशान, देखो-देखो उनकी पोशाक या एक घर दो कानून, घुसपैठियों को बाहर खदेड़ने, पाकिस्तानियों भारत छोड़ो आदि की तमाम जुमलेबाजी केवल चुनाव से पहले होती है तो क्या अर्थ? और अब इंतहां जो सरकार दिल्ली-एनसीआर-गुरूग्राम की उस इंटरनेट कनेक्टिविटी पर भी बाधाएं बनवा दे रही है, जिससे नौजवान पेशेवरों का काम-धंधा है! भारत की, आईटी क्षेत्र की वैश्विक साख-धाक है!

ऐसे में क्या नौजवानों में यह धारणा नहीं बनेगी कि मोदी-शाह, भाजपा, संघ परिवाद हिंदू राष्ट्र नहीं बना रहे हैं, बल्कि मूर्ख बना कर ठीक चुनाव से पहले वोट का खेला रचते हैं? इतनी मोटी बाते तो नोटिस होनी चाहिए कि चुनाव आ रहे हैं इसलिए भक्त जबरदस्ती में मुस्लिम इलाकों में शोभा यात्रा निकालते हैं। भड़काऊ नारेबाजी करते हैं। मतलब वह सब होगा, जिससे दोनों तरफ खून खौले। हर-हर महादेव बनाम अल्लाह हू अकबर के पानीपती गृहयुद्ध की लाइव झांकियां बने। नतीजतन हिंदू अपने आप सुरक्षा की चिंता में भेड़ों की तरह नरेंद्र मोदी के पीछे-पीछे चलता रहे। सचमुच समझ नहीं आता कि भाजपा के नेताओं ने क्यों कर गुरूग्राम में इंटरनेट पाबंदी और काम ठप्प करा कर पेशेवर नौजवानों को हिंदू बनाम मुस्लिम की लाइव झांकी का अनुभव कराया? क्यों कर गुरूग्राम हिंदुत्व की प्रयोगशाला बना हुआ है, जबकि मुस्लिम आबादी लगभग नगण्य है? मेवात के मुसलमानों का खौफ बनवाना एक मायने में गुरूग्राम व दिल्ली के मुहाने से राजधानी को असुरक्षित बनाना है। यदि इसकी प्रतिक्रिया में पुरानी दिल्ली-ओखला और यमुना पार की सघन मुस्लिम आबादी नई दिल्ली की सड़कों पर चल पड़ी तब एनसीआर इलाका क्या मणिपुर की तरह दो कम्युनिटी याकि हिंदुस्तान बनाम पाकिस्तान में नहीं बंटा दिखेगा? लोगों में कंपकंपी व चिंता पैदा करना क्या हिंदू नौजवानों में भाजपा की रीति-नीति के खिलाफ गुस्सा पैदा करना नहीं है? मोदी के भक्त बने नौजवान भी मन ही मन देश के बरबादी की तरफ बढ़ने का ख्याल क्या नहीं बनाते हुए होंगे?

कहा नहीं जा सकता। मैं नूंह, गुरूग्राम की घटना के दिन बगल के अलवर में था। और न केवल वहां लोग हिंदू बनाम मुस्लिम की चिंता में थे, बल्कि सभी यह सलाह देते हुए थे कि तिजारा, नूंह व नए नेशनल हाईवे से हो कर नहीं जाएं। मतलब मेवात से हो कर नहीं जाना। गुरूग्राम से एक सुधी पाठक ने शहर के हालात गंभीर बताते हुए ऐसी-ऐसी बातें कहीं तो वही यह सलाह दी कि वडोदरा एक्सप्रेसवे से नहीं आएं क्योंकि बादशाहपुर में भी बवाल है।

इतना पैनिक, ऐसी घबराहट और इतनी मोटरसाइकिल लूट लेने, मुसलमानों के पलायन, आगजनी की इतनी तरह की बातें, खबरें की लगा मानों दिल्ली का रास्ता भी असुरक्षित है। दिल्ली और एनसीआर का हिस्सा मेवात तो मानों मणिपुर होता हुआ। मणिपुर जैसी सरहदों में हिंदू अपनी सरहद में दुबके हुए होंगे तो मुसलमान अपनी सरहद में क्या-क्या सोचते हुए होंगे।। गृह मंत्री अमित शाह भले मेवात में रैपिड एक्शन फोर्स का ठिकाना बनवा दें। क्या उससे वहां हिंदुओं को सुरक्षा मिलेगी? या मुसलमानों को और इससे दो समुदायों के इलाकों व दिलों की सरहदें खत्म होंगी या उलटे कट्टर होंगी?इस सबका ख्याल क्या उस हिंदू नौजवान के दिल-दिमाग में भी उठता हुआ होगा जो नौ वर्षो से मान रहा है कि नरेंद्र मोदी हैं तो हम सुरक्षित हैं।

मतलब क्या गुरूग्राम के वोटर भाजपा से पिंड छुड़ाएंगे? मुश्किल है। गुरूग्राम में भाजपा ही जीतेगी। छप्पर फाड़ वोटों से जीतेगी। इसलिए कि गुरूग्राम के एपिसेंटर से रचा-पका देश का बाकी हिंदू पेशेवर यूथ का दिमाग नौ सालों से लगातार रेडिकल होता हुआ है। वैसे ही जैसे मणिपुर में हिंदू मैती समुदाय लगातार कुकी-आदिवासियों के ईसाईकरण के नैरेटिव में पकता चला आया है। अंत में दोनों समुदाय अब अपने-अपने इलाके की सरहद बनाए हुए हैं। तभी मणिपुर का आगे समाधान विभाजन से होगा। घाटी की मैती आबादी बनाम पहाड़ी आदिवासी के दो प्रदेश। दोनों समुदायों में परस्पर विश्वास रहा ही नहीं। ऐसे ही युवा हिंदू मानस अब वोट राजनीति और प्रोपेगेंडा में बर्फ की सिल्ली है। यों भी मौजूदा यूथ आबादी का अधिकांश हिस्सा सर्व शिक्षा अभियान से छोटे-संकीर्ण और पेशेगत एकांगी व लकीर की फकीर वाली बुनावट लिए हुए है।

# अमानक खाद जबरदस्ती किसानों को देने के विरोध में भाजपा किसान मोर्चा ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव

## झूमाझटकी के दौरान आधा दर्जन कार्यकर्ता हुए घायल, सत्ता के अहंकार मे उन्मत्त भूपेश सरकार:केदार कश्यप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर 8 अगस्मत।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नारायणपुर के द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला भाजपा कार्यालय के सामने किसानो को जबरदस्ती अमानक खाद को लादने सहित किसानो से जुड़े अनेक मुद्दो को लेकर धरना प्रदर्शन के बाद रैली निकाल कलेक्ट्रेट का घेराव करने निकले हजारों की संख्या मे भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित किसानो को पुलिस ने कलेक्ट्रेट से 200 मीटर पहले ही बैरिकेडिंग कर रोक लिया। इस दौरान किसान व कार्यकर्ता उत्तेजीत नजर आये व बेरीकटिंग हटाने का प्रयास करते नजर आये और इस दौरान जमकर झूमा झटकी हुई और आधा दर्जन भाजपा कार्यकर्तृता घायल हो गए खबर लिखें जाने तक घायलों का इलाज जिला अस्पताल मे चल रहा है। वही केदार कश्यप व दिनेश कश्यप के नेतृत्व मे दर्जन भर कार्यकर्तृता कलेक्ट्रेट पहुँच कलेक्टर को ज्ञापन सौंप किसानो के हित मे फैसला लेने की बात कही। वही घेराव से पूर्व आयोजित सभा मे भाजपा प्रदेश महामंत्री व पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने भूपेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुये कहा कि प्रदेश



की कांग्रेस सरकार पौने पांच साल में विफलता के सारे कीर्तिमान स्थापित कर चुकी प्रदेश की कांग्रेस सरकार किसान विरोधी है, यह प्रदेश के किसानो के लगातार अन्याय कर रही है हालात इतने खराब है की प्रदेश के किसान आत्महत्या कर रहे है भूपेश सरकार लगातार वादाखिलाफी विश्वासघात का नया रिकॉर्ड बनाती जा रही है भारतीय जनता पार्टी लगातार सडक से सदन तक किसानो के मामले को उठाती रही है पार्टी ने सतत् तमाम लोकतांत्रिक उपायों का सहारा लेकर किसानों की समस्याओ पर भूपेश सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने की कोशिश करती रही है लेकिन सत्ता के अहंकार में उन्मत्त भुपेश सरकार कुछ भी सुनने को तैयार नही है। कांग्रेस सरकार किसानों की समस्याओं से मुंह फेर रही है ऐसा लगता ही नहीं कि कांग्रेस सरकार को अन्नदाताओं के संकट से कोई सरोकार नही है। वही आगे कश्यप ने कहा की अब भुपेश सरकार किसानो को जबरदस्ती अमानक खाद को खरीदने मजबूर करने का काम कर रही है। प्रदेश मे लूट घुसखोरी और अत्याचार बढ़ गया है।विकास की बात करें तो प्रदेश मे सारे कार्य ठप्प पड़े हुए है।भुपेश सरकार सिर्फ और सिर्फ प्रदेश की जनता के साथ छलावा कर रही है। वही सभा को पूर्व बस्तर सांसद दिनेश कश्यप ने भी अपने सम्बोधन मे कहा की पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है किसान के साथ ही आज प्रदेश का हर वर्ग इस सरकार से त्रस्त है सरकार अपने घोषणापत्र के वादो से मुखर रही है सिर्फ और सिर्फ जुमलेबाजी व झूठ के पुलिंदो पर टिकी है भूपेश सरकार न प्रदेश मे बेरोजगारो को रोजगार दे पा रही है न ही वादे की मुताबिक प्रदेश के समस्त बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता, चुनावी वायदे याद दिलाने व ऐसी लबरी सरकार को उखाड़ फेकने का समय आ गया है। वही सभा को जिला भाजपा संगठन प्रभारी भरत मटियारा, विधानसभा प्रभारी मनोज जैन,भाजपा जिलाध्यक्ष रुपसाय सलाम व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष किरण उसेंडी ने भी सम्बोधित करते हुये प्रदेश की कांग्रेस सरकार को किसान व जन विरोधी सरकार बताते कहा की भूपेश सरकार गंगाजल की झूठी कसम खाकर सत्ता मे आयी है। और आज सत्ता मे आने के बाद अपने वादों से मुकर रही है।आने वाले 2023के विधानसभा चुनाव मे इस सरकार की बिदाई तय है। सभा का सफल संचालन भाजपा नेता संजय नंदी व आभार भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामप्रसाद कुमेटी ने किया।इस अवसर पर भाजपा नेता बृजमोहन देवांगन, गौतम गोलछा, रतन दुबे, निर्देश दीवान, संतोष बघेल, मंगडू नुरेटी,शांतु दुग्गा,विजय तिवारी सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रो से हजारों की संख्या मे भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित किसान उपस्थित थे।

## एक नजर

### स्पेशल एजुकेटर पद में भर्ती के लिए 21 अगस्त तक आवेदन

**जगदलपुर 8 अगस्त।** जिले में समावेशी शिक्षा अंतर्गत विकासखंड स्तर पर निश्चित मानदेय पर स्पेशल एजुकेटर के सभी सातों ब्लॉक हेतु एक-एक पद स्वीकृत किये गए हैं। उक्त पदों की पूर्ति हेतु पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से 21 अगस्त 2023 तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा जगदलपुर( बस्तर) में आमंत्रित किया गया है। इन पदों पर भर्ती सम्बन्धी विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप बस्तर जिले की वेबसाइट में देखी जा सकती है।

### तृतीय श्रेणी के पद स्टाफ नर्स की भर्ती के लिए चयन सूची जारी

**उत्तर बस्तर कांकेर 8 अगस्त।** जिले के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर में स्वीकृत तृतीय श्रेणी के पद स्टाफ नर्स की भर्ती हेतु विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड बस्तर संभाग जगदलपुर द्वारा प्राप्त मेरिट सूची अनुसार अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन किया गया था, दस्तावेज सत्यापन, दावा-आपत्ति निराकरण उपरांत अभ्यर्थियों की चयन सूची जारी की गई। विस्तृत जानकारी के लिए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर के वेबसाईट एवं कांकेर जिले के वेबसाईट में अवलोकन कर डाउनलोड कर सकते हैं।

### रोजगार मेला में मोनीष जैन को मिला नौकरी

**उत्तर बस्तर कांकेर 8 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेष के षिक्षित एवं



आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने और आगे की पढ़ाई के लिए सहयोग प्रदान करने हेतु बेरोजगारी भत्ता योजना की शुरूआत की गई है। इस योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को बेरोजगारी भत्ता देने के साथ ही उन्हें रोजगार से जोड़ा जा रहा हैं, जिससे लाभान्वित होकर युवा न सिर्फ प्रदेश में बल्कि प्रदेश के बाहर भी जाकर रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले आवेदकों को रोजगार से जोड़ने के लिए जिला प्रषासन कांकेर के निर्देषानुसार जिले के सभी विकासखण्डों में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जनपद कार्यालय नरहरपुर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया था, जिसमें ग्राम पेण्ड्रावन के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले युवा मोनीष कुमार जैन ने षिविर में जाकर रोजगार के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। मोनीष जैन के योग्यता अनुसार एसबीआई लाईफ कांकेर में सेल्स ऑफिसर के पद पर नौकरी मिली है तथा उन्हें नियुक्त पत्र भी प्रदान किया गया। मोनीष जैन को एसबीआई लाईफ कांकेर में प्रतिमाह 19 हजार 500 रूपये की नौकरी मिली है। नौकरी मिलने पर वह बहुत खुश है, उन्होंने बेरोजगारी भत्ता योजना प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हुए जिला प्रषासन का धन्यवाद दिया है।

### कलेक्टर के निर्देश पर जिले की सड़कों का हो रहा कायाकल्प

**धमतरी 8 अगस्त।** कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जिले की सड़कों का कायाकल्प होना शुरू हो गया है। कलेक्टर श्री रघुवंशी ने बैठकों के दौरान सड़कों को गड्ढारहित करने की दिशा में कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिये थे। जिसके परिपालन में लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों राज्य मार्ग-23 के रत्नाबॉधा चौक, नहरनाका चौक, सिहावा चौक, कोलियारी चौक पर हो रहें गड्ढों की भराई का कार्य निरंतर किया जा रहा है। धमतरी शहरी क्षेत्र अंतर्गत धमतरी-आमदी मार्ग एवं धमतरी-नगरी मार्ग में रत्नाबॉधा चौक, सिहावा चौक से नहरनाका चौक, मुजगहन, मछली पसरा कोलियारी को प्राथमिकता देते हुए द्रुत गति से निरंतर मरम्मत कार्य किया जा रहा है। पूर्व में भी जुलाई माह में मरम्मत की गई थी, परन्तु शहरी क्षेत्र में पानी की निकासी न होने से पुनः कुछ चिन्हांकित स्थल पर गड्ढे बन गये थे, जिसे फिर से सुधार किया गया है एवं रात्रि में भी कार्यकर कच्चा डेऊन बनाकर पानी निकासी की व्यवस्था की गई है।

# बस्तर संभाग में वनांचल के रहवासियों को मिला खेती-किसानी के लिए बड़े पैमाने पर वनाधिकार पट्टा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 8 अगस्त।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप आदिम जाति और गैर परम्परागत वन निवासी अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के फलस्वरूप बस्तर संभाग में वनांचल के रहवासियों को बड़े पैमाने पर वन भूमि का वनाधिकार मान्यता पत्र प्रदान किया गया है, जिससे इन वनाधिकार पट्टेधारकों को खेती-किसानी को बढ़ावा देने सहित अन्य आयमूलक गतिविधियों के जरिये आय संवृद्धि करने में सहायता मिली है। बस्तर संभाग में वनाधिकार अधिनियम 2006 को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर कार्यान्वयन किये जाने के परिणामस्वरूप अभी तक एक लाख 63 हजार से अधिक




हितग्राहियों को व्यक्तिगत वनाधिकार मान्यता पत्र प्रदान किया गया है। वहीं सामुदायिक प्रयोजन के लिए साढ़े 22 हजार से ज्यादा सामुदायिक वनाधिकार पत्र तथा डेढ़ हजार से अधिक सामुदायिक वन संसाधन पत्र समुदाय को प्रदान किया गया है। बस्तर संभाग कमिश्नर श्री श्याम धावड़े द्वारा समूचे बस्तर के सभी जिलों में वनाधिकार अधिनियम को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किये जाने के लिए जारी दिशा-निर्देश के तहत 01 लाख 63 हजार 488 हितग्राहियों को 01 लाख 73 हजार 788 हेक्टेयर रकबा का व्यक्तिगत वनाधिकार मान्यता पत्र प्रदान किया गया है। इसके साथ ही इन वनाधिकार पट्टेधारकों को किसान ऋण पुस्तिका वितरित किया गया है और खेती-किसानी के लिए आवश्यक खाद-बीज एवं अन्य आदान सहायता प्रदान करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड प्राथमिकता के साथ दिया जा रहा है। वहीं इन किसानों को समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने के लिए सहकारी समितियों में किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। इन वनाधिकार पट्टेधारकों में से 76 हजार 26 हितग्राहियों को मनरेगा के तहत 636 करोड़ 36 लाख रूपए लागत के भूमि समतलीकरण, मेड़ बंधान, कुंआ निर्माण, डबरी एवं तालाब निर्माण, गौ-पालन, बकरी पालन, कुक्कुट पालन शेड निर्माण इत्यादि व्यक्तिमूलक कार्यों के लिए सहायता दी गई है। जिससे उक्त सभी किसान उन्नत खेती-किसानी सहित साग-सब्जी उत्पादन, मछली पालन, कुक्कुट पालन आदि आयमूलक गतिविधियों के माध्यम से आय संवृद्धि कर रहे हैं। बस्तर संभाग में स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन, ग्राम पंचायत भवन, खेल मैदान इत्यादि सामुदायिक प्रयोजन के लिए अब तक 22 हजार 521 से ज्यादा करीब 5 लाख 92 हजार हेक्टेयर रकबा का सामुदायिक वनाधिकार पत्र समुदाय को प्रदान किया गया है।

# मीशो ने उद्योग की प्रथम उपलब्धि हासिल की

**रायपुर, 8 अगस्त।** भारत के एकमात्र टू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने आज लाभ की स्थिति में आने वाली भारत की पहली होरिजंटल ई-कॉमर्स कंपनी बनने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने की घोषणा की। इस अभूतपूर्व उपलब्धि ने न केवल भारतीय ई-कॉमर्स के परिवेश में कंपनी की अग्रणी स्थिति को मजबूत किया है, बल्कि यह मीशो के अभिनव बिज़नेस मॉडल का एक मजबूत प्रमाण भी है । कंपनी ने कॉन्सोलिडेटेड पीएटी स्तर पर लाभ की स्थिति हासिल की है, जिसमें इसके सभी प्रभागों और श्रेणियों में ईएसओपी सहित सभी लागतें शामिल हैं। पिछले साल लाभ की ओर महत्वाकांक्षी पथ पर आगे बढ़ते हुए मीशो ने उद्योग की यह पहली उपलब्धि अपनी अपेक्षित समय सीमा, जुलाई 2023 से काफी पहले हासिल कर ली। पिछले 12 महीनों में मीशो ने काफी वृद्धि दर्ज की है, इसके ऑर्डर का वॉल्यूम 43 प्रतिशत बढ़ चुका है, और इसे एक बिलियन से ज्यादा ऑर्डर मिले हैं। यह सफलता और भी ज्यादा महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि 85 प्रतिशत ऑर्डर मीशो पर पहले खरीद कर चुके ग्राहकों से मिले हैं, जिससे इसका मजबूत यूज़र रिटेंशन प्रदर्शित होता है। मीशो की टू होरिजंटल प्रकृति इससे प्रमाणित हो जाती है कि इस अवधि में नॉन- फैशन श्रेणियों में 120 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हुई है, जिससे इस प्लेटफॉर्म का विस्तृत आकर्षण प्रदर्शित होता है। सस्टेनेबल वृद्धि की ओर मीशो की प्रतिबद्धता इससे साफ हो जाती है कि हर श्रेणी अकेले आधार पर लाभ की स्थिति में है। इस सफलता को जारी रखते हुए पिछले 12 महीनों में ऑर्डर वॉल्यूम और मुद्रा दर में मजबूत वृद्धि के चलते राजस्व में 54 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि हुई है।कस्टमर एक्विज़िशन कॉस्ट (सीएसी) और बाजार खर्चों में काफी कमी, यानि साल-दर-साल 80 प्रतिशत की कमी के बावजूद, मीशो भारत में सबसे ज्यादा डाउनलोड किए जाने वाले शॉपिंग ऐप्स में से एक बना हुआ है, जिससे कंपनी की ऑर्गेनिक शक्ति और मजबूत वर्ड-ऑफ - माउथ प्रदर्शित होते हैं। पिछले 12 महीनों 140 मिलियन से ज्यादा अद्वितीय विनिमय करने वाले यूज़र्स को सेवाएं देते हुए भारत में ई-कॉमर्स के परिवेश में क्रांति लेकर आ रहा है।

### जनदर्शन में मिले 165 आवेदन

**धमतरी 8 अगस्त।** शासन की मंशानुरूप जिले के आमजनों की समस्या, मांग एवं शिकायतों के निराकरण हेतु प्रत्येक सोमवार को कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती उगा राज ने धमतरी शहर सहित दूर-दराज से आये ग्रामीणों की समस्या, मांग और शिकायतों सबंधी आवेदन बारी-बारी से लिये। कलेक्टर श्री रघुवंशी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलतापूर्वक विचार करते हुए त्वरित कार्यवाही कर इनका निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टोरेट में आयोजित इस जनदर्शन में आज ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर 165 आवेदन दिये। इनमें मुख्यतः वेतन दिलाने, भूमि विवाद को निराकरण करने, राशन कार्ड बनाने, आगनबाड़ी कार्यकर्ता को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने ऑनलाइन ठगी की शिकायत, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, स्थापित किये जा रहे टावर पर जनहित में रोक लगाने, गौठान में निर्माण कार्य, चिटफंड कंपनी से रुपये वापस दिलाने और रकवे में हुई त्रुटि को सुधारने संबंधी आवेदन शामिल हैं।

# संभाग के देवगुड़ी एवं मातागुड़ियों का किया गया जीर्णोद्धार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 8 अगस्त।** बस्तर एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जहाँ पर सदियों से जनजातीय जन निवास कर रहे हैं। इन जनजातीय समुदायों की अपनी सांस्कृतिक विरासत है। इस विरासत में आस्था का प्रमुख केंद्र देवगुड़ी है जिसकी जनजातीय समूहों में अपनी महत्ता है। जनजातीय समुदाय के अधिकांश समूह प्रकृति पूजक होते हैं, वे पेड़ों में अपने देवों का वास स्थल मानकर वनों को बचाने का कार्य करते हैं। इसलिए देव स्थलों में बहुतायत में वृक्ष होते हैं। शासन की पहल पर इन देवगुडियों-मातागुड़ी को संरक्षित और संवर्धित करने के उद्देश्य से बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण मद तथा अन्य मदों से संभाग के सभी जिलों में जीर्णोद्धार करने सहित उक्त देव स्थलों में वृहद स्तर पर फलदार एवं छायादार पौधरोपण



किया जा रहा है। साथ ही देवगुड़ी-मातागुड़ी, घोटुल और मृतक स्थलों को संरक्षित करने के लिए सम्बन्धित देवता और देवियों के नाम में जमीन को राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर उन्हें सामुदायिक वन अधिकार पत्र भी जारी किया गया है। इससे देवगुड़ी-मातागुड़ी के नाम संरक्षित जमीन पर कोई अवैध कब्जा नहीं किया जा सके और संबंधित क्षेत्र के वनों को बचाया जा सके।प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप और बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण श्री लखेश्वर बधेल के मागदर्शन में कमिश्नर बस्तर संभाग श्री श्याम धावड़े के निर्देशानुसार बस्तर अंचल में आस्था एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए देवगुडी एवं मातागुड़ी निर्माण एवं जीर्णोद्धार तथा घोटुल निर्माण कार्यों को प्रमुखता से पूरा किया जा रहा है। बस्तर की आस्था और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में कुल 5960 देवगुडी और मातागुड़ी में से 3360 का जीर्णोद्धार की स्वीकृति दी गयी है, जिसमें से अब तक 2181 देवगुड़ी एवं मातागुड़ी जीर्णोद्धार को पूर्ण किया जा चुका है। वहीं स्वीकृत 297 घोटुल निर्माण कार्य में से 110 कार्यों को पूर्ण किया गया है। इनमें से अधिकांश देवगुड़ी को सामुदायिक वनाधिकार मान्यता पत्र जारी किया गया है।

## जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित

# कवासी लखमा ने की विकास कार्यों की समीक्षा, निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण करने दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 8 अगस्त।** आबकारी एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में संचालित विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में मंत्री श्री लखमा ने कहा कि जिले में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य जैसे मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए प्राथमिकता से कार्य करें। इसके साथ ही गांव में विद्युतीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण करें ताकि इसका लाभ यहां के लोगों को मिल सके। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाना है इसके लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को समन्वय से कार्य करने की बात कही।

उन्होंने जिले के विकास कार्यो की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के मंशानुरूप



फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ दिलाने और जनहित में निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रीपा में संचालित गतिविधियों की जानकारी लेकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ एवं उपयोगी बनाने के लिए रीपा के कार्यो को गति देने कहा। साथ ही इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए युवावर्ग एवं महिलाओं को अधिक से अधिक जोड़ने के लिए कहा। साथ ही जनप्रतिनिधियों को समय-समय पर गौठानों और रीपा का निरीक्षण करने को कहा।बैठक में उन्होंने जिले में निर्माणाधीन स्कूल, आश्रम, छात्रावास, आंगनबाड़ी केन्द्र, अस्पताल भवन निर्माण आदि कार्यो को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या के अनुपात में शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने जिले में कुपोषण दर 8 प्रतिशत तक कम होने पर महिला बाल विकास विभाग के कार्यो की सराहना की। साथ ही सभी आगनबाड़ियो में कार्यकर्ता सहित मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराने को कहा। इस दौरान उन्होंने जिले में खाद-बीज, वर्मी खाद भण्डारण एवं उठाव का संज्ञान लिया। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में सरपंच, सचिव, जनपद सदस्य की बैठक लेकर पीएम सम्मान निधि योजना हेतु ई-केवाईसी के लिए कृषकों को जागरूक करने को कहा। साथ ही पशुपालन विभाग अन्तर्गत पशु वितरण योजना की जानकारी ली। इसके साथ ही पशु पालन विभाग के अधिकारियों को पशु रोग संक्रामक रोग गलघोटू व एकटंगिया के के रोकथाम के लिए समय समय पर टीकाकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम के साथ जिले में भी कंजक्टिवाइटिस के मरीज मिल रहे है। साथ ही इस समय डायरिया, मलेरिया आदि का खतरा अधिक होता है। इसलिए सभी कैंप, पोटाकेबिन आश्रम और छात्रावासों में दवाई उपलब्धता करने को कहा। साथ ही सभी स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में जिले में हो रहे अच्छे कार्यो की सराहना की। समीक्षा बैठक मे जिला पंचायत, आदिवासी विकास, लोक निर्माण, कृषि, समाज कल्याण सहित अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई।

## समाचार संक्षेप

### एक और गरीब घर से आदिवासी छात्र बनेगा एमबीबीएस

**सुकमा 8 अगस्त।** पोटाकेबिन का छात्र पुर्णे मे किया नीट की पढाई, नवोदय विधालय सुकमा से नीट की पढाई के लिए एक का हुआ था चयन, पोटाकेबिन आश्रम मुनगा (कोर्रा) मे 1 से 5 वी तक पढाई की, यह से चयनित होकर नवोदय विधालय सुकमा प्रवेश किया था।, नीट परीक्षा मे 522 अकं प्राप्त कर ऑल इंडिया कोटे से हुआ चयन, पं जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर मे हुआ चयन,एआईएसएफ के छात्र नेता महेश कुंजाम ने छात्र गंगा की एडमीशन फीस के लिए कलेक्टर साहब से की थी मुलाकात, छात्र गंगा आगे की पढाई के लिये परिवारिक आय ठीक नही होने से हो रही थी दिक्कते,जिला कलेक्टर हरीश एस. साहब ने तत्काल छात्र को एडमीशन फीस देकर बिना देर किये कॉलेज जाकर एडमीशन करने कहा, कलेक्टर हरीश एस. साहब के सहयोग से हुआ छात्र गंगा माड़वी का एमबीबीएस मे प्रवेश, कलेक्टर साहब ने छात्र गंगा राम माड़वी को शुभकामनाएं दिया, एमबीबीएस कोर्स जल्द पुरा कर अपने क्षेत्र की जनता का सेवा देने आशा जाहिर की, कलेक्टर साहब ने आगे की पढाई मे हर सम्भव मदद करने के लिए दिये आश्वासन, जिला प्रशासन की सहयोग से होगा छात्र गंगा माड़वी का एमबीबीएस की पढाई पुरा,कलेक्टर साहब को एआईएसएफ संगठन की ओर से बहुत बहुत आभार व्यक्त करता हुं।

### घुमन्तू पशुओं से होने वाली सड़क दुर्घटना रोकने की गई बैठक में चर्चा

**उत्तर बस्तर कांकेर 8 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला



प्रषासन के निर्देषानुसार राष्ट्रीय एवं राजकीय राज्य मार्ग में घुमन्तु पषुओं के बैठने, विचरण करने से होने वाले सड़क दुर्घटना से बचाव के लिये आवष्यक पहल हेतु जिला पंचायत के अपर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विरेन्द्र जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय एवं राजकीय मार्ग पर बैठे हुए पषु से सड़क पर चलने वाले दुर्धटना ग्रस्त हो जाते हैं या फिर पषु मर जाते है, जिसे रोकने हेतु बैठक में आवष्यक चर्चा एवं समीक्षा की गई। जिसमें प्रमुखता से पषुओं को कांजी हाउस में व्यवस्थित करने, गौठानों में चारा पानी की समुचित व्यवस्था करने, घुमन्तु पषुओं को रेडियम बेल्ट एवं टेगिंग करने के लिये विभाग द्वारा टीम गठन कर आवष्यक कार्यवाही के संबंध में पषु चिकित्सा सेवाये के उप संचालक डॉ. सत्यम मित्रा द्वारा जानकारी दी गई। गौठानों में अधिक से अधिक पषुओं को ला कर षिविर आयोजन किया जाये एवं पषु चिकित्सी कार्य जैसे कृत्रिम गर्भाधान, उपचार, टीकाकरण, बधियाकरण, डीवर्मींग कराने किसानों को प्रेरित करने अवगत कराया गया। जिले में गौषाला नहीं है, इसे ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय एवं राजकीय मार्ग से लगे हुए स्थान पर यदि कोई समूह हो जिसका कम से कम 0.5 एकड़ जमीन वाले समूह को गौषाला पंजीयन हेतु आवेदन करवाने के लिये प्रेरित करने निर्देषित किया गया। पषुओ को खुला छोड़ने वाले पषुपालको पर अर्थदण्ड (जुर्माना) लेने के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में समस्त गौठानों के नोडल अधिकारी, अध्यक्ष, सचिव एवं संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### चलित शौचालय महीनों से अचल



**सुकमा 8 अगस्त।** यहां नगर पालिका का सार्वजनिक चलित शौचालय महीनों से अचल हो गया है। दुब्बाकोटा सीआरपीएफ कैम्प मेनरोड पर यह खड़ा है। इस शौचालय वाहन के दो पहिए अज्ञात लोग निकाल ले गए है7 यसह विकालांग शौचालय लवारिस खड़ा है। लाखों की लागत से निर्मित इस चलित शौचालय का आम लोग उपयोग नहीं कर पा रहे है नगर पालिका प्रशासन भी अपनी इस संपत्ति को भूल गया है। प्रशासन को पता ही नहीं है कि सात महीनों से यह शौचालय कहां खड़ा है। प्रशासन ने ध्यान नही दिया तो बचे दो चक्के के साथ ही पूरा शौचालय गायब हो जाएगा। दरअसल इस चलित शौचालय को शहर के अलग-अलग मुहल्लों, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र के अन्य सार्वजनिक स्थानों पर समय-समय पर ले जाकर खड़ा किया जाना चाहिए। किनतु दुर्भाग्य है कि यह शौचालय एक ही जगह खड़ा है और इसका उपयोग भी हनीं हो रहा है। पालिका को लोगों के नित्य क्रिया की भी चिंता नहीं है।

## एक नजर

### मूसालूर में 14 साल पुरानी पुलिया बारिश की वजह से टूट गई

**बीजापुर,8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत मूसालूर स्थित 14 साल पुराना पुलिया बारिश की वजह से टूट गया ।ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती लखमी,उपसरपंच श्री बृजलाल सहित वार्ड पंच और ग्रामीणों ने बताया कि उक्त पुलिया 14 साल पहले बीआरजीएफ मद से बनाया गया था जो बारिश की वजह से टूट गई ।सरपंच एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बताया कि पुलिया टूटने की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है जैसे प्रशासनिक स्वीकृति मिलेगी पुलिया निर्माण का जल्द शुरू की जाएगी ताकि ग्रामीणों को आवागमन सुलभ हो सके।

### बिजली हाईटेंशन तार गिरने से एक युवक.की मौके पर मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

**बीजापुर,8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उसूर ब्लॉक के बासागुड़ा गांव मे सोमवार के दोपहर अचानक बिजली के तार टूट कर गिरने से दुकान के सामने खडे दो युवक गंभीर रूप से झुलस गए जिन्हें तत्काल बासागुड़ा हास्पीटल. लाया गया लेकिन उपचार के पहले ही वेंकटेश्वर नामक 35 की मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल हिंमाशु 19 वर्ष का बासागुड़ा हास्पीटल के बाद बीजापुर हास्पिटल लाया गया है जंहा. उसका उपचार चल रहा है मृतक वेंकटेश्वर का पी एम किया जा कर शव. परिजनों को सौंप दिया गया है जिसका अंतिम संस्कार मंगलवार को किया गया ग्रामीणों ने घटना पर दुख जताते मृतक युवक को विनम्र श्रंद्धाजलि दी है

### शपथपूर्वक अभिकथन के लिए उपस्थित होने की सूचना

**बीजापुर,8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 18 जनवरी 2016 को बीजापुर के क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हिडमापारा, गोटपल्ली, (कोटमपल्ली) के जंगल पहाड़ पिडिया थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत हुए पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की घटना की दण्डाधिकारी जांच किये जाने हेतु संबंधित घटना में मृतक के परिवार से श्री उईका सुकलू पिता मासा साकिन गोटपल्ली (शव सुपूर्दनामा साक्षी), श्री ओयाम लखमू (शव सुपूर्दनामा साक्षी) एवं श्री सोडी लिंगा पिता सोढ़ी हिड़मा निवासी गोलापल्ली (उक्त घटना में घायल) थाना कोन्टा जिला सुकमा को 8 सितम्बर 2023 को न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी बीजापुर के समक्ष शपथपूर्वक अभिकथन हेतु उपस्थित होने को कहा गया है।

### देवाधिदेव का अभिषेक करने दूर-दूर से लोग पहुंच रहे:योगेश्वर राजू सिन्हा

**महासमुंद,8 अगस्त।** बी टी आई रोड महासमुन्द नगर में चल रहे रूद्राभिषेक,यज्ञ एवं श्री राम मानस गान कार्यक्रम के 6वें दिन भगवान भोलेनाथ के रुद्राभिषेक पश्चात रुद्राक्ष वितरण का कार्यक्रम आयोजित था कार्यक्रम में दूर गांव गांव से लोग पहुंच रहे हैं महादेव के भक्तों का उत्साह अकल्पनीय है मुख्य रूप पूर्व प्रांत संगठन मंत्री श्री राम प्रताप सिंह जी की उपस्थिति में उनके द्वारा व यज्ञ के मुख्य महाराज जी गुरदेव जवाहर जी महाराज के हाथो से रुद्राक्ष वितरण किया गया साथ ही मानस गान के भजनों ने सबको झूमने को मजबूर किया ज्ञातव्य हो कि जय मुंगिया माता मानस परिवार ठाकुर दिया पिथौरा, तोरण द्वार मानस परिवार बरेकले झलप के बाद अंत में जय मां वीणा वादिनी मानस परिवार रायतुम की अनुपम प्रस्तुति हुई

इस प्रकार पूरे दिनभर रुद्राक्ष वितरण का कार्यक्रम चलता रहाअंत में श्री योगेश्वर राजू सिन्हा जी ने बताया कि इसी प्रकार प्रत्येक सोमवार को रुद्राक्ष वितरण किया जायेगा समस्त भक्त वृंद आकर रुद्राक्ष प्राप्त कर सकते हैं तथा मानस गान का कार्यक्रम प्रति दिन 3 मानस परिवार का आयोजन हो रहा है जिसमे सभी भक्त आकर भगवान भोलेनाथ की सेवा कर सकते हैं।

### प्रदेश में रोका-छेका अभियान पूरी तरह फ्लॉप:सुधा साहू



**महासमुंद।** कोडार काष्ठागार के सामने एक अनियंत्रित बस की चपेट में आने से आज 17 गौवंशों की मौत हो गई। इस घटना को भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू ने प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार का नतीजा बताया है ।श्रीमती साहू ने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार द्वारा गोधन न्याय योजना के तहत 1 वर्ष पूर्व जब रोका छेका अभियान शुरू किया तो बड़े जोर-शोर से इस योजना के प्रचार-प्रसार में करोड़ों रूपये खर्च किए गये। सरकार ने इसे शुरू करने से पहले अनगिनत फायदे बताये थे, जो अब पूरी तरह फ्लाप साबित हो रही है। प्रदेश सहित महासमुंद जिले में इस योजना से मवेशियों को लाभ मिलता नहीं दिख रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग सहित गांव के प्रमुख चौक-चौराहों, सहित सभी जगह पर मवेशी खुलेआम घूम रहे हैं, और लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं, मवेशी भी मर रहे हैं ।लाखों रूपये खर्चकर गौठान बनाए गए है लेकिन इन गौठानों में न तो चारा की व्यवस्था है और न ही मवेशियों के लिए पानी की व्यवस्था है। साल भर में सैकड़ों मवेशी सड़क दुर्घटना का शिकार होकर मारे जाते हैं। बेजुबान पशुओं के नाम पर प्रदेश की भ्रष्ट सरकार ने करोड़ों का भ्रष्टाचार किया है ।प्रदेश की भूपेश सरकार ने रोका छेका अभियान के नाम पर केवल करोड़ों का भ्रष्टाचार किया। गौठानों का निर्माण किया ताकि केवल कांग्रेसियों को लाभ पहुंचाया जा सके। जिले के अनेक गांवों में गौठानों को जंगलों में बनाया गया है। ऐसे जगह पर ग्रामीण गौवंशों को भेजने तक से कतरा रहे हैं। इन गौठानों में रोका-छेका के नाम पर एक भी मवेशियों को नहीं रखा जा रहा। सड़कों में मवेशियों के झुंड से अनेक छोटे-बड़े वाहन दुर्घटना कारित हो रहे हैं।

---

प्रदेश सह प्रभारी हरदीप सिंह मुंडिया ने राजिम में कराया पार्टी प्रवेश

# किसान नेता तेजराम विद्रोही अपने 210 साथियों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 8 अगस्त।** आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब के बाद अब पूरे दमखम से छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में उतरने की तैयारी कर रही है इस बीच राजिम में सदस्यता ग्रहण समारोह एवं बदलाव यात्रा के आयोजन में आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के सहप्रभारी एवं पंजाब विधायक हरदीप सिंह मुंडिया बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जिन्होंने तेजराम विद्रोही को उनके 210 समर्थकों सहित आम आदमी पार्टी में प्रवेश दिए। मुख्य अतिथि हरदीप सिंह मुंडिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ में पूरे दमखम से चुनाव लड़ेगी दिल्ली और पंजाब में किये जा रहे काम हमारा उदाहरण है। छत्तीसगढ़ के जाने माने किसान नेता जिन्होंने दिल्ली सीमाओं पर हुए किसान आंदोलन में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाया तभी से विद्रोही का नाम, काम और छवि हम सबको मालूम हो गया था। उनका 210 परिवारों के सदस्यों को साथ लेकर पार्टी के साथ जुड़ना गरियाबंद जिला ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में पार्टी को मजबूती प्रदान किया है। तेजराम विद्रोही ने कहा कि हम किसान मजदूर एवं आम जनता की समस्याओं को लेकर जन आंदोलनों के माध्यम से सड़क की संघर्ष में है यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी आम आदमी पार्टी जो जन आंदोलन से ही निकल कर सामने आया है उनके साथ जुड़ना राजनीतिक विकल्प को मजबूत करना है इसके साथ साथ आम जनता की बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करना है जिसके लिए सड़क और संसदीय संघर्ष की आवश्यकता है। सभा को अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के उपाध्यक्ष मदन लाल साहू, आम आदमी पार्टी के सचिव उत्तम जायसवाल, लोक सभा प्रभारी संतोष चन्द्राकर, पलविंदर सिंह पन्नू, सुरेन्दर सिंह आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर उत्तम कुमार साहू, जहुरराम साहू, पवन कुमार साहू, ललित कुमार साहू, रेखुराम साहू, मोहन लाल साहू, मनोज कुमार साहू, नंदू ध्रुव, सोमन यादव, होरीलाल साहू, श्रीमत सीताबाई, संतोषी, संगीता, धीरज शर्मा सहित सभी किसान संगठन के सदस्य व आम आदमी पार्टी के गरियाबंद जिला अध्यक्ष सियाराम ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्रीमती रामबाई दिवान, फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष रुद्रसेन सिन्हा, गरियाबंद ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण यादव, पांडुका ब्लॉक अध्यक्ष सेवाराम साहू, छुरा ब्लॉक अध्यक्ष चमन यादव , राजिम सर्किल प्रभारी लोकेश साहू, पवन सक्सेना, मोहन चक्रधारी, रूखमणी साहू, पुरुषोत्तम चन्द्राकर, अरविंद शर्मा, राजा ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रवण यादव एवं आभार व्यकर रुद्रसेन सिन्हा ने किया।

# एक साल के अंदर दो पार्टी के अध्यक्षों के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव



**पत्थलगांव, 8 जुलाई।** एक साल के अंदर दो बडी पार्टी की नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आने से जनता मे उथल पुथल की स्थिती बन गयी है। दरअसल इससे पहले शहर सरकार पर ऐसी विपदा किसी ने नही देखी थी,एक साल पूर्व भाजपा कांग्रेस के पार्षद आपस मे मिलकर भाजपा समर्थित अध्यक्ष सुचिता एक्का के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उन्हे उनके पद से हटा दिया गया था,भाजपा के कुछ बागी पार्षदो ने कांग्रेस का साथ देकर यहा कांग्रेस की अध्यक्ष उर्वशी सिंह को शहर सरकार चलाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। चुनाव नजदीक देखकर भाजपा अपने बागी कार्यकर्ताओ को साधने मे लगी हुयी थी,इस दौरान भाजपा ने पार्टी से बगावत किये नगर पंचायत के सभी पार्षदो को पुनः पार्टी प्रवेश कराकर उनकी ताजपोशी कर दी,जिसके बाद नगर पंचायत के अध्यक्ष की कुर्सी एक बार पुनः डोलने लगी। हुआ भाजपा की सोच के मुताबिक ही,पार्टी मे प्रवेश करते ही कांग्रेस का साथ देने वाले सभी बागी पार्षदो ने इस बार कांग्रेस की अध्यक्ष का विरोध कर दिया। आज भाजपा के 9 पार्षदो के साथ एक निर्दलीय पार्षद ने जिला कलेक्टर के पास पहुंचकर कांग्रेस की नगर पंचायत अध्यक्ष उर्वशी सिंह ठाकुर के खिलाफअविश्वास प्रस्ताव का पत्र सौंपकर आये है। इस संबंध मे नगर पंचायत के उपाध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता का कहना था कि जनता की उम्मीदो पर खरा उतरने की सोच रखकर उनके अलावा अन्य भाजपा समर्थित पार्षदो ने एक वर्ष पूर्व कांग्रेस का साथ देकर उनकी अध्यक्ष बनाये थे,परंतु अध्यक्ष बनने के बाद से ही जनता के बीच कांग्रेस की अध्यक्ष को लेकर नाराजगी चल रही थी,जिसका अंदर ही अंदर काफी विरोध हो रहा था। उन्होने बताया कि जनता की तकलीफो के कारण नगर पंचायत की सरकार चलाने मे दिक्कते पैदा हो रही थी। यही कारण है कि आज भाजपा समर्थित 9 पार्षदो के अलावा एक निर्दलीय पार्षद ने भी कांग्रेस की अध्यक्ष के खिलाफशंखनाद करते हुये जिला कलेक्टर को अविश्वास प्रस्ताव का पत् सौंपा गया है।

### नए मतदाताओं का भाजयुमो कर रही सम्मान



**खरसिया,8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश एवं जिला युवा मोर्चा के निर्देशानुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा ज़ोंबी मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा नव मतदाताओं को अभिनंदन पत्र के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है इस अभियान के अंतर्गत ज़ोंबी मंडल की भाजपा युवा मोर्चा प्रभारी जयप्रकाश डनसेना के नेतृत्व में ज़ोंबी मंडल के ग्राम पामगढ़ में जाकर फर्स्ट वोट की अहमियत व महत्व के बारे में जानकारी दें रहे हैं ।

भाजयुमो प्रभारी जयप्रकाश डनसेना ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के केंद्र सरकार द्वारा युवाओं को मजबूत करने चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दे रही है नव मतदाताओं को अभिनंदन पत्र देकर सम्मान कर रहे हैं जिसमें मुख्य रूप से भाजयुमो ज़ोंबी मंडल अध्यक्ष दिनेश पटेल जी, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती दिलेश्वरी राठिया, सरपंच प्रतिनिधि प्रेम राठिया, भाजपा वरिष्ठ नेता श्रीधर पटेल रामनारायण पटेल,मनहरण पटेल ,पधन पटेल, उमेश पटेल,छगन पटेल, प्रदुमन पटेल , वेद प्रकाश राठिया पूरनलाल राठिया संजय डनशेना, हंस कुमार पटेल, प्रियंका पटेल अरुणा पटेल,उपस्थित रहे।

# एटीएम के कर्मचारियों ने किया 55 लाख का गबन

### पुलिस ने किया आरोपियों को गिरफ्तार,जब्त की नगद राशि।



**पत्थलगांव,8 अगस्त।** ए.टी.एम मशीन में रकम न लोड कर 55 लाख का गबन करने वाले आरोपियों को पुलिस ने धरदबोचा है,गिरफ्तार आरोपियों के पास से 3 लाख 33 हजार रुपए जब्त किये गए है,यह पूरा मामला पत्थलगांव व जशपुर कोतवाली थाना क्षेत्र का है। दरअसल कम्पनी सिक्योर वैल्यू (इण्डिया) लिमिटेड के अधिकारियों ने दो कर्मचारियों पर पत्थलगांव एक्सिस बेंक समेत जशपुर जिले तीन अलग-अलग बैंको के ए.टी.एम में जमा होने वाली राशि में से 55 लाख 34 हजार रुपये उड़ाने का आरोप लगाया था,आरोपियों ने लगातार दो दिन तक बारी-बारी से वारदात को अंजाम दिया,जब भी कंपनी की ओर से उन्हें एटीएम में कैश जमा करने के लिए भेजा गया तभी पैसो को देखकर उनकी नियत डोल गई। यह पूरा मामला ऑडिट में खुलासा होने पर कंपनी अधिकारियों द्वारा थाने मे धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का केस दर्ज कराया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी देव नारायण यादव एवं हेमानंद यादव सेक्यूर वैल्यू इंडिया लिमिटेड में ए.टी.एम आपरेटर का कार्य करते है,जशपुर स्थित आई.डी.एफसी बैंक,पत्थलगांव एक्सिस बैंक, तथा डाकघर जशपुर के एटीएम में रुपए लोड करने का कार्य था,दोनों बैंक से नगद रकम लेकर एटीएम में लोड करने के लिए निकलते थे,दोनों ने गबन करने की नियत से बैंक से रकम तो ली पर एटीएम में पूरी रकम लोड़ न कर कभी एक लाख, दो लाख या फिर कभी तीन लाख रुपए रकम लोड़ करते थे,आरोपी रकम कम लोड़ करते थे उसे आपस में बांट लेते थे। जब बैंक के द्वारा दी गई रकम से कम रकम एटीएम में जमा होने की बात पूछी जाती थी तो वे अपने एक साथी जो कि एटीएम मशीन में रकम डालने का कार्य करता है उससे कभी 5 लाख कभी 10 लाख कभी 20 लाख रुपए बैंक में ले जाकर के कैशियर को दिखा देते थे एवं दिखाएगा रकम को पुनः अपने दोस्त को वापस कर देते थे,इसके एवज में उनका दोस्त भी 10 से 15 हजार रुपए चार्ज लेता था। मिली जानकारी के अनुसार दोनों आरोपियों द्वारा 3 अगस्त 2022 से जशपुर स्थित आईडीएफसी बैंक से व पत्थलगांव स्थित एक्सिस बैंक से कई किश्तों में रकम लेकर गबन कर लिया। बैंक की ऑडिट में यह बात सामने आई कि जशपुर स्थित आईडीएफसी बैंक से 18 लाख, 48 हजार,100 रुपए एवं पत्थलगांव स्थित एक्सिस बैंक से 36 लाख, 86 हजार, 200 रुपए का गबन कुल 55 लाख 34 हजार 300 रूपये आरोपियों द्वारा किया गया है। बैंक की शिकायत पर कोतवाली थाना जशपुर में अपराध क्रमांक 213/23 धारा 409 व पत्थलगांव थाने में अपराध क्रमांक 219/23 धारा 409,34 भादवि के तहत अपराध मे संलिप्त आरोपी देवनारायण यादव उम्र 27 वर्ष व आरोपी हेमानंद यादव उम्र 27 के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया था।3 लाख नगदी जब्त-:पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे जॉनडियर कंपनी का ट्रैक्टर, 3 लाख 33 हजार 600 रुपए नगद बरामद किया है। दोनो को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

# कलेक्टर के निर्देश पर मौके पर बना शिवमती का राशन कार्ड



**रायगढ़, 8 अगस्त।** आयोजित जन चौपाल में ग्राम-बिरसिंघा की श्रीमती शिवमती भगत एवं उनके पति श्री गोविन्द भगत कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के समक्ष अपना आवेदन लेकर जैसे ही उपस्थित हुए। कलेक्टर श्री सिन्हा अपने बेहद सरल व सौम्य अंदाज के साथ छत्तीसगढ़ बोली में उन्हें पूछा का परेशानी हे दीदी, कलेक्टर की छत्तीसगढ़ी बोली सुनकर वे भी बेझिझक सहज अंदाज में अपनी बात रखी और कहा कि में दृष्टिबाधित ह, अऊ मोला शासन के योजना के लाभ नई मिलत हे, अऊ राशन कार्ड भी नि बनिस हे ता बहुत परेशानी होत हे। कलेक्टर श्री सिन्हा ने उनकी परेशानी को देखते हुए तुरंत उन्हें अन्त्योदय अन्न योजना/विशेष कमजोर समूह का राशन कार्ड बनवाकर सौंपा एवं चलने में आसानी के लिए स्टीक प्रदान किया। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्री रमेश मोर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि प्रति सोमवार को आयोजित जनचौपाल में जिलेवासी कलेक्टोरेट में अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर आते है। कलेक्टर श्री सिन्हा भी आवेदकों से उनके उन्हीं के सहज अंदाज एवं छत्तीसगढ़ी बोली के साथ उनके समस्याओं का समाधान मौके पर करने की कोशिश के साथ विभागीय अधिकारियों को आवेदन के निराकरण के लिए निर्देशित करते हैं।इसी तरह सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्राम नवापाली (तलीपारा) के ग्रामीण पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर श्री सिन्हा को बताया कि गांव में पक्की सड़क एवं गली का निर्माण नही हुआ हैं। जिसके कारण ग्रामीणों, स्कूली छात्र-छात्राओं के आवाजाही के साथ बीमार व्यक्तियों को लाने व ले जाने में ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर श्री सिन्हा से आग्रह किया कि ग्रामवासियों की परेशानियों को समझते हुए अविलंब सड़क निर्माण करवाया जाए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने आवेदन पर सीईओ जनपद पुसौर को परीक्षण कर समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार विकासखंड खरसिया निवासी श्री शंकरलाल नक्शा, बटांकन एवं सीमांकन की मांग को लेकर जन चौपाल में पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर श्री सिन्हा को बताया कि भूमि का नक्शा बटांकन नहीं होने से उनकी भूमि की स्थिति स्पष्ट नही हो पा रही है, जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर श्री सिन्हा से भूमि का नक्शा, बटांकन एवं सीमांकन करने हल्का पटवारी को निर्देशित करने का आग्रह किया। कलेक्टर श्री सिन्हा ने आवेदन का प्राथमिकता से निराकरण के लिए तहसीलदार खरसिया को निर्देश दिए। तहसील रायगढ़ के ग्राम ननसिया निवासी श्री ताराचंद सारथी किसान सम्मान निधि प्रदान करने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वे निम्न वर्ग किसान एवं शारीरिक रूप से असक्षम है। इसी प्रकार उनका पुत्र भी शारीरिक रूप से असमर्थ होने से वह उन पर आश्रित हैं। उन्होंने कलेक्टर श्री सिन्हा से आग्रह किया।

---

## समाचार संक्षेप

### राहुल गांधी की सांसदी बहाल होने पर विक्रम मंडावी ने जताई खुशी



**बीजापुर,8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वायनाड के सांसद राहुल गांधी की सांसदी बहाल होने के साथ ही जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता खुशी का इजहार कर रहे हैं, राहुल गांधी की सांसदी बहाल होने पर बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने जिले वासियों को बधाई देते हुए इसे नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत करार दिया है ।विक्रम मंडावी ने लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना को साझा करते हुए कहा कि ऐसी दिखती है नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत, अन्याय के खिलाफ न्याय की जीत, असत्य के खिलाफ सत्य की जीत, तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की जीत, षड्यंत्रों के खिलाफ द्ब.ह्र.ष्ट.द्ब. की जीत है. राहुल गांधी के माध्यम से संसद में सड़क की आवाज फिर गूंजेगी। विक्रम मंडावी ने कहा कि राहुल गांधी को दोबारा सांसद बनाने का निर्णय एक स्वागत योग्य कदम है। यह भारत के लोगों और विशेषकर वायनाड के लोगों के लिए राहत लाया है। विक्रम मंडावी ने आगेकहा कि भाजपा और मोदी सरकार को अपने कार्यकाल का जो भी समय बचा है, उसका उपयोग विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर लोकतंत्र को बदनाम करने के बजाय वास्तविक शासन पर ध्यान केंद्रित करके काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की सांसदी बहाल होने से एक बार फिर देश की संसद में गरीबों के हक की आवाज गूंजेगी।

### तीन दिवसीय संभाग स्तरीय बैटमिंटन प्रतियोगिता का समापन



**बीजापुर,8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिला मुख्यालय के बांसागार स्थित बैटमिंटन हॉल में तीन दिवसीय संभाग स्तरीय बैटमिंटन प्रतियोगिता आयोजित हुआ। जिसमें बस्तर संभाग के बैटमिंटन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम का समापन 6 अगस्त 2023 को हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरुस्कार के रुप में नगद राशि, शील्ड, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उन्हें जीत की शुभकामनाएं दी और हमेशा मेहनत और लगन से निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया। वहीं जो खिलाड़ी प्रतियोगिता में जीत नहीं पाए उन्हें निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। निरंतर प्रयास से एक दिन हार भी जीत में तब्दील हो जाती और मेहनत और लगन से प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के सदस्य श्री प्रवीण डोंगरे ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर डीआईजी दंतेवाड़ा श्री कमलोचन कश्यप, डीएफओ श्री अशोक पटेल , जिला खेल अधिकारी श्री दिलीप उईके विशेष रुप से उपस्थित थे ।बीजापुर के राष्ट्रीय स्तर की बैटमिंटन खिलाड़ी कु. लक्ष्मी मांझी ने इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए, जिसमें खिलाड़ियों को प्रतियोगिता देखकर उनकी प्रतिभा में निखार आती है। इस प्रतियोगिता में लक्ष्मी मांझी सिंगल, डबल में विनर रही है और मिक्स डबल में द्वितीय स्थान प्राप्त की। इसी तरह प्रतियोगिता में विजेता खिलाडियों में महिला वर्ग डबल में लक्ष्मी मांझी और डॉ. सलाखा प्रधान जगदलपुर प्रथम स्थान, कोंडागांव से आंकाक्षा, खुशी द्वितय स्थान पर रही। ओपन सिंगल्स पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान सागर किरन्दुल, द्वितीय स्थान पर फरहान सुकमा से विजेता रहे। महिला वर्ग सिंगल्स में प्रथम स्थान लक्ष्मी मांझी बीजापुर, द्वितीय स्थान पर आस्था यादव नारायणपुर से विजेता रही। ओपन डबल पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान जगदलपुर से आयुष मूर्ती और कृषकृठोफर, द्वितीय स्थान पर मनीष बघेल और युवराज देव बीजापुर से विजेता रहे। ओपन मिक्स डबल में प्रथम स्थान पर जगदलपुर से सलमान, खुशी और द्वितीय स्थान पर वैभव और लक्ष्मी जगदलपुर से विजेता रहे।

### अमित जोगी के जन्मदिवस पर बीजापुर जिले में 35 ने थामा जेसीसीजे का दामन



**बीजापुर,8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनावी साल में राजनीतिक दल अपना अपना कुनबा बढ़ाने में लगे हैं। जेसीसीजे प्रमुख अमित जोगी के जन्मदिवस के अवसर पर 35 लोगों ने जेसीसीजे का दामन थाम लिया है। लगातार जेसीसीजे अपने कुनबे में इज़ाफ़ा कर रही है। जिले के चारो ब्लॉक में जेसीसीजे के कार्यकर्ता मौजूद हैं। भाजपा- कांग्रेस के वोटबैंक में जेसीसीजे सीधा सेंध लगा सकती है इस कारण दोनों बड़े दल अपने कार्यकर्ताओं के बिखराव को रोकने सचेत हैं ।जेसीसीजे अध्यक्ष विजय झाड़ी, वरिष्ठ नेता सकनी चंद्रेया के सामने भाजपा से भूतपूर्व सरपंच मालती कश्यप, अंजली कश्यप, सुनीता लेकामी, रीता बांडी, अशीष भोगम, एवं अन्य नई कमला वासम, धर्मवीर लेखम, सुकमान कुंजाम, अजय दुर्गम, केजी सुनील, सतीश जुमड़े, अशोक पुल्लुरी, चिडाला मोंडी, मनीराम नाग, लक्ष्मण ओयम, दीपक तेलम, संजय हेमला, अशोक कुड़ियम, सूरज पोदी, लालू कश्यप, महेश यालम, सुनीता लेखामी, दिनेश आलम, दिलीप चिट्ठाला, शैलेश चिडाम, भाग्यवती पुल्लूरी, कृष्णा चिल्लेरी, सानू हेमला, लालू मरकाम, आदि कार्यकर्ताओं ने जोगी जनता कांग्रेस छग जे का दामन थामा है।

### 229 बटालियन के जवानों ने खून देकर गर्भवती आदिवासी महिला को बचाई जान



**बीजापुर,8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बीजापुर में स्थित गाँव-गगनपल्ली, थाना-बासागुड़ा (बीजापुर) की निवासी एक आदिवासी महिला श्रीमती सोदी लक्ष्मी पत्नी समया सोदी, उम्र-30 वर्ष जोकि गर्भावस्था में है, उसके ऑपरेशन हेतु तत्काल रक्त की आवश्यकता थी जिससे कि उक्त आदिवासी महिला की रक्त की कमी को पूरा कर ऑपरेशन किया जा सके। सिविल अस्पताल बीजापुर एवं आदिवासी महिला के पति समया सोदी से उपरोक्त सूचना के प्राप्त होते ही श्री पुष्पेन्द्र कुमार, कमाण्डेंट 229 बटालियन ने वाहिनी के चिकित्सा अधिकारी को बीजापुर जिला सिविल अस्पताल में सम्पर्क करने का आदेश दिया जिसके उपरान्त इस वाहिनी के सउनि0/मंत्रा0 राज कुमार द्वारा जिला अस्पताल बीजापुर में उपरोक्त आदिवासी महिला को रक्तदान कर उसके ऑपरेशन को सफल किया। रक्तदान के पश्चात् जिला अस्पताल द्वारा रक्तदाता सउनि0/मंत्रा0 राज कुमार को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। आदिवासी महिला सोदी लक्ष्मी एवं उनके परिवार ने इस महान कार्य के लिए 229 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को आभार व्यक्त किया । इससे पूर्व में भी 229 वाहिनी के अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा रक्तदान कर कई आदिवासी भाइयों व उनके परिवारजनों की जान बचाने का कार्य किया गया है। भविष्य में भी 229 वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल इस प्रकार के मानवता के कार्य करने के लिए सदैव तत्पर एवं प्रतिबद्ध है।

## एक नजर

### कलेक्टर ने फसल बीमा प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**बलौदाबाजार 8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर चंदन कुमार ने सोमवार को फसल बीमा हेतु प्रचार-प्रसार रथ को कलेक्टोरेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रथ जिले के विभिन्न ग्रामों में फसल बीमा की जानकारी के साथ बीमा कराने हेतु आवश्यक तकनीकी जानकारी किसानों को मुहैया कराएगी ताकि क्षेत्र में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी ऋणी-अऋणी किसान फसल बीमा योजना का लाभ उठा सकें। फसल बीमा की अंतिम तिथि 16 अगस्त 2023 तक बढ़ा दी गई है। भारत सरकार की इस योजना को छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी द्वारा संचालित की जा रही है। बताया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत जिले के किसान कृषि फसलों में धान सिंचित के लिए प्रति हेक्टेयर 1060 रुपए, धान असिंचित के लिए प्रति हेक्टेयर 880 रुपए, मक्का एवं मूंगफली के लिए प्रति हेक्टेयर 800 रुपए, सोयाबीन के लिए प्रति हेक्टेयर760 रुपए, अरहर के लिए प्रति हेक्टेयर 700रुपए, मूंग के लिए प्रति हेक्टेयर 400 रुपए, उड़द के लिए प्रति हेक्टेयर 420 रुपए, कोदो के लिए के लिए प्रति हेक्टेयर 300 रुपए, कुटकी के लिए प्रति हेक्टेयर 320 रुपए और रागी के लिए प्रति हेक्टेयर 220 की दर पर प्रीमियम देकर मौसम आधारित फसल बीमा योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।किसानों द्वारा आधार कार्ड, राजस्व अभिलेख, बैंक खाता की प्रति के साथ लोक सेवा केन्द्र, प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति, ऑलाईन पंजीयन, बैंक, विभागीय मैदानी अमला या बीमा कम्पनी अभिकर्ता के मार्गदर्शन से अपनी फसल का बीमा करा सकेंगें। इस दौरान उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक सहित अन्य अधिकारी -कर्मचारी मौजूद थे।

### माइक्रो वाटरशेड सचिव पद के लिए दावा-आपत्ति 18 तक

**बलौदाबाजार 8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखण्ड कसडोल में स्वीकृत परियोजना अन्तर्गत जलग्रहण समितियो में सचिव पद के रिक्त पद की पूर्ति हेतु प्राप्त आवेदन के आधार पर पात्र -अपात्र की सूची तैयार की गई है। इस सूची के संबंध में किसी अभ्यर्थी को कोई दावा -आपत्ति हो तो 08 अगस्त 2023 तक कार्यालय उप संचालक कृषि जिला बलौदाबाजार में पंजीकृत डाक, स्वयं उपस्थित होकर या ई मेल dda.balodabazar@gmail.com पर भेज सकते हैं। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने बताया कि कसडोल विकासखण्ड अंतर्गत स्वीकृत परियोजना क्रमांक डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाय कसडोल अंतर्गत माइक्रो वाटरशेड सचिव संविदा पद पर ग्राम बरपाली, बरेली, गिरौद, हसुआ, कोटियाडीह, मड़वा, मटिया, पहंदा, पुलेनी एवं सुकली में भर्ती की कार्यवाही की जा रही है।

# ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उप अभियंता को थमाया नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 8 अगस्त।** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग कसडोल में पदस्थ उप अभियंता राम प्रसाद जोशी अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। उनके द्वारा मूल्यांकन किए गए सभी कार्यों की जांच किया जाए।

दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा फील्ड में जाकर कार्य देखने के बजाय कार्यालय में बैठकर मूल्यांकन किया जा रहा है जिस पर कार्य में लापरवाही बरतने के चलते पूर्व में एक वेतन वृद्धि बलौदाबाजार कलेक्टर द्वारा रोकने की अनुशंसा भी की जा चुकी है।

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा तीन बार नोटिस देने के बावजूद अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। मुख्यालय में निवास नहीं करते बल्कि 50 किलोमीटर पामगढ़ जिला जांजगीर - चांपा से आना-जाना करते हैं जबकि उनका कार्य क्षेत्र चरौदा (ब) और आसपास गांव की दूरी ब्लॉक मुख्यालय से 50 किलोमीटर से भी ज्यादा है। ऐसे में कैसे कार्यों की सही निगरानी की जा सकती है, कल्पना कर सकते हैं। जबकि नियम यह कहता है कि अधिकारी व कर्मचारियों को अपने मुख्यालय में ही निवास करना है।




**गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है:** कुछ लोगों ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर बतलाया कि निर्माण कार्यों की पहली ही किस्त में मूल्यांकन के लिए अपना कमीशन का परसेंटेज ले लेते हैं। कार्यों को जैसे भी हो, देखने तक नहीं जाते। काम खत्म होने पर कार्यालय में बैठकर ही मूल्यांकन कर दिया जाता है। यही कारण है कि इनकी देखरेख में जो भी कार्य हो रहे हैं या हुए हैं उन कार्यों में कोई गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है। इनसे जानकारी लेने पर मामले से अनभिज्ञता जाहिर करते हुए, उच्च अधिकारियों से जानकारी मांगने की बात कहते हुए पल्ला झाड़ लिया जाता है।

**स्टीमेट के हिसाब से नहीं बनाया जा रहा है:** छत्तीसगढ़ सरकार की अति महत्वपूर्ण नरवा गरवा घुरवा बाड़ी योजना से बनाए गए गौठान में गांव की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सुराजी योजना के तहत, उद्योग और उद्यमिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुधार लाने के लिए महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मटिया में चैन लिंक फेंसिंग कार्य, ट्रेनिंग रूम शेड निर्माण, चौकीदार कक्षा, एल ई डी शेड निर्माण अगरबत्ती - कपूर शेड निर्माण कार्य, महिला एवं पुरुष शौचालय निर्माण, गेट निर्माण कार्य कराया गया / जा रहा है जो लगभग एक करोड़ से भी अधिक राशि से निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। इन सभी कार्यों की निगरानी की जिम्मेदारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को दिया गया है।

स्वामी आत्मानंद स्कूल बलौदा (हसुवा) का रंग रोगन, पुर्ननिर्माण का कार्य भगवान भरोसे चल रहा है। चरौदा (कसडोल) स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण में ठेकेदार द्वारा स्टीमेट के हिसाब से कार्य नहीं किया जा रहा है। लेंथ, फाउंडेशन, बीम, कालम को भी गुणवताहीन बनाया जा रहा है तो भवन कैसे मजबूत होगा।

**अधिकारी को सूचित किया गया:** इस बारे में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कसडोल हिमांशु वर्मा का कहना है कि उप अभियंता को नोटिस जारी किया गया है। जिसका उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया है जिसकी सूचना मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बलौदाबाजार को दे दिया गया है। अब उनके निर्देशानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाएं:** इस संबंध में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलौदाबाजार के कार्यपालन अभियंता एस एस बघेल का कहना है कि अनुविभागीय अधिकारी को निर्देशित किया गया है। वह कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए समुचित व्यवस्था करें।

## विश्रामगृह से लेकर धौराभाठा पहुंच मार्ग जर्जर, रेलवे विभाग खामोश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 8 अगस्त।** विश्रामगृह से लेकर धौराभाठा पहुंच मार्ग मुश्किल से मात्र डेढ़ किलो मीटर है लेकिन इन डेढ़ किलो मीटर के बीच बड़े बड़े गड्ढे स्थाई गड्ढे जान लेवा साबित हो सकता है सिद्ध बाबा रेल्वे फाटक के उस पार दो तीन दिनों के भीतर तीन चार फीट गड्ढे से रोजाना घंटों यातायात प्रभावित हो रही है गौरतलब हो कि केंद्र सरकार ने रेल्वे स्टेशन का दशा और दिशा सुधारने डिजिटल प्रयास कर रहे हैं लेकिन रेल्वे विभाग सड़क सुधारने की दिशा में मौन है ज्ञात रहे कि भाटापारा रेलवे स्टेशन रायपुर बिलासपुर के बीच सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन है जो सड़क जर्जर है उस सड़क पर बारहों महीने खाद, सीमेंट व अन्य सामग्री की रेक लगी रहती हैं जिससे रेल्वे को प्रतिमाह करोड़ों रुपए की राजस्व मिलता है फिर भी रेल्वे विभाग गहरी नींद में है समय समय पर ट्रक आनर्स के सरंक्षक राधेश्याम शर्मा ने रेलवे विभाग को लिखित में देकर सड़क सुधारने मांग रखी पर वह मांग आज भी अधुरा है लोग काफी भय में रहकर अपने वाहन चलाते हैं उधर रेल्वे क्रासिंग के उस पार बड़े बड़े जान लेवा गड्ढे हैं जहां पर घंटों यातायात प्रभावित हो रही है इस संबंध में धौराभाठा के सरपंच प्रेम चौबे ने बताया कि इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी को अवगत कराया है लेकिन जब तक यहां पर दोंद नहीं डालेंगे तब तक समस्या का हल स्थाई रूप से नहीं हो सकता ईधर धीरे धीरे लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है कहीं ऐसा न हो कि लोग धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य हो जाए।

# डंडे से पत्नी की हत्या कर बुजुर्ग ने लगाई फांसी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 8 अगस्त।** सिमगा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिमगा थाना अंतर्गत ग्राम दल चुरा निवासी श्यामलाल बंजारे व उसकी पत्नी फूलबाई बंजारे के बीच घरेलू मामलों को लेकर आपस में आए दिन विवाद होता रहता था जिसके चलते आज सुबह दोनों पति-पत्नी में विवाद इतना बड़ा हो गया कि श्यामलाल बंजारे 65 वर्ष ने अपनी पत्नी फूलबाई बंजारे 60 वर्ष के सिर पर डंडा से प्राण घाट वार करके लहूलुहान कर दिया इस बात की जानकारी श्यामलाल बंजारे के पोती 8 वर्ष की नदियां बंजारे ने सुबह 8:00 बजे खेत में काम कर रहे अपने पिता राजेंद्र बंजारे को बताया कि घर में दादा दादी झगड़ा होकर



मारपीट हो रहे हैं बताने पर राजेंद्र बंजारे ने अपने पिताजी के घर जाकर देखा तो सामने दरवाजा अंदर से शंकर बंद था जिसे लात मारकर खोला तो अंदर जाकर देखा घर के परछी में रसोई घर के पास प्रार्थी राजेंद्र बंजारे की मां जमीन पर खून से लथपथ पड़ी हुई थी सिर पर गंभीर चोट लगा था तथा दोनों हाथ में भी चोट था परछी में पड़े झाड़ू लूंगी वह डंडा में खून लगा था मेरे पिताजी लकड़ी के मजार में नायलॉन रस्सी गले में बांधकर फांसी में लटका हुआ मिला प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि हम लोग चार भाई और सभी लोग अलग-अलग रहते हैं तथा मेरे पिताजी भी अलग रहते हैं।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. अ/2, वर्ष, 2022-23
वाद भूमि ग्राम-औरेंठी प.ह.न. 16

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम औरेंठी प.ह.नं. 16 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है आवेदक सागर पिता संजय जाति जाट निवासी एवं कास्तकार ग्राम औरेठी तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने ग्राम औरेठी प.ह.नं. 16 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 98/2 रकवा 0.4130 हे., को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा, नक्शा एवं बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 17.08.2023 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 02.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ..................
अ/6. वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है विषयांतर्गत आवेदक गणेश साहू पिता स्व. रामचंद साहू जाति तेली निवासी बुधवारी पारा वार्ड नं. 15 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि बुधवारी पारा वार्ड नं. 15 डोंगरगढ़ में शीट क्रमांक 06 भूखण्ड क्रमांक 1769 क्षेत्रफल 1320 वर्गफीट में भूमि मकान स्थित है। उक्त भूमि को पंजीकृत वसीयत नामा उप पंजीयन कार्यालय डोंगरगढ़ के माध्यम से दिनांक 29/11/2018 को करा कर वसीयत किया गया है। उक्त वसीयतकर्ता मेरी दादी का दिनांक 13/07/2022 को स्वर्गवास हो गया है, जिसके उपरांत वसीयत की गई भूमि का पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक उक्त भूमि का स्वामित्वाधारी है। उपरोक्त जिसका शीट क्रमांक 06 भूखण्ड क्रमांक 1769 क्षेत्रफल 1320 वर्गफीट में भूमि मकान स्थित है. आवेदक का नाम कर अभिलेख दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 23/08/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं नजूल अधिकारी
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202307094500053/202307094500053**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2022-2023
गोविन्दपुर प.ह.न. 00014 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- किर्ती देवी साहू.
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका किर्ती देवी साहू पिता किसन साहू जाति तेली निवासी ग्राम गोविन्दपुर तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदिका अपने पिता किसन साहू पिता लेखराम साहू जाति तेली का मृत्यु दिनांक 28.01.2020 को स्थान गोविन्दपुर में हुआ है, जो कि भूलवश ग्राम पंचायत मोतीपुर में मृत्यु पंजी रजिस्ट्रार में दर्ज नही हो पाया है। आवेदिका को अपने पिता किसन साहू पिता लेखराम साहू जाति तेली का मृत्यु तिथि ग्राम पंचायत ग्राम मोतीपुर में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अत: ग्राम पंचायत मोतीपुर में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 18.08.2023 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/07/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
लाल बहादुर नगर

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक 202308092200010**

विषय:- ब-121
सन:- 2022 2023
मामले की श्रेणी:- राजस्व
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-सुनील कुमार अग्रवाल,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुमार अग्रवाल आ. मातादीन अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी नरसिंग वार्ड नम्बर 10 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक की पुत्री सोनल अग्रवाल आ. सुनील कुमार अग्रवाल का जन्म दिनांक 14.01.1995 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 18.08.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/08/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़


## बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ के तहत छात्राओं को दी गई गुड़ टच-बेड टच सहित अन्य जानकारी



**बलौदाबाजार, 8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया। जिसमें स्कूली छात्राओं गई गुड़ टच बेड टच सहित अन्य जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही महावारी स्वच्छता प्रबंधन, जेंडर संवेदनशीलता एवं खून की कमी के कारण लक्षण एवं प्रबंधन, जीवन कौशल प्रबंधन विषयों के बारे में विस्तृत चर्चा कर जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया था। बलौदाबाजार एसडीएम रोमा श्रीवास्तव कार्यक्रम में शामिल होकर बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर उन्होंने भी महत्वपूर्ण जानकारी एवं विचार बच्चों के साथ साझा किए।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा**
(फोन/फैक्स नं.-07856-252362 ई-मेल-eedan-phe-cg@nic.in)

**(जल जीवन मिशन)**
**ऑनलाईन निविदा निरस्तीकरण सूचना**

जी क्रमांक-03323

इस कार्यालय द्वारा नीचे दर्शित कॉलम अनुसार निम्नलिखित ऑनलाईन निविदा में निविदाकार द्वारा ऑन लाईन बिड डाला गया था किंतु नियत अवधि तक ऑफ लाईन लिफाफा प्राप्त नहीं होने के कारण निरस्त किया जाता हैं। विवरण निम्नानुसार है।

| स.क्र. | निविदा सिस्टम क्रमांक |
|---|---|
| 1 | system no. 141469, 141470, 141471, 141472, 141473, 141474, 141475, 141476, 141477, 141478 |

उक्त निविदा की शेष नियम व शर्तें यथावत् रहेंगी।
जी क्रमांक-03323

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दंतेवाड़ा

जी-04077/7

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला-नारायणपुर (छ.ग.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा क्रमांक/M-626-A/पुअ/ना.पुर/एसी-1/2023-24/ — नारायणपुर, दिनांक 20/07/2023

पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें प्रपत्र-अ प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा 01.01.2015 (भवन) एवं निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर लोक निर्माण विभाग के एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदार ('डी' श्रेणी एवं अधिक) पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति, जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है। कार्यालय पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर में निविदाओं उपस्थित निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। उक्त तिथि को अपरिहार्य परिस्थिति में निविदा संबंधी कार्यवाही अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

(1) निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 18.08.2023 के 05:00 बजे तक
(2) निविदा प्रपत्र जमा की अंतिम तिथि :- 19.08.2023 के 04:00 बजे तक
(3) निविदा खोले जाने की तिथि :- 19.08.2023 के संध्या 5:00 बजे
(4) निविदा प्रपत्र का मूल्य की प्राप्तियां :- चालान के माध्यम से पुलिस 0055, 800-अन्य प्राप्तियां
(5) कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 03 माह (वर्षा ऋतु सहित )
(6) ठेके की आमंत्रण क्रमांक :- 'डी' एवं उच्च श्रेणी लोनिवि के श्रेणी के पात्रतानुसार (प्रथम बार)
(7) प्रभावी दर अनुसूची :- लो.नि.वि. द्वारा दिनांक 01 जनवरी 2015 को जारी एस.ओ.आर. में प्रचलित

| सं. क्र. | कार्य/स्थल का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 01. | थाना धनोरा में थाना प्रभारी कक्ष निर्माण कार्य | 09.00 (लाख) | 18,000.00 | 750/- |
| 02. | कैम्प अमदईघाटी हेतु कुक हाउस निर्माण कार्य | 04.00 (लाख) | 8,000.00 | 750/- |
| 03 | कैम्प अमदईघाटी हेतु 01 नग बैरक निर्माण कार्य | 09.00 (लाख) | 18,000.00 | 750/- |

टीपः-
01. निविदा संबंधी अन्य जानकारी के लिए पुलिस अधीक्षक, कार्यालय नारायणपुर में सम्पर्क कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक,
नारायणपुर

जी-04060/3

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई**
**(संपत्तिकर विभाग)**

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2023/525/242 — भिलाई, दिनांक 7/8/2023

**//स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना//**

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम, भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगाः-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री गुरमुख सिंह पिता-हरनाम सिंह, निवासी-एस/9, सड़क-21, पुष्पक नगर स्मृतिनगर, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती रश्मि सिन्हा, पति-श्री अविनाश कुमार, निवासी-कोहका, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, (वार्ड नं.-14 रामनगर कोहका वार्ड के गुरूनानक नगर अंदर भाग) भिलाई, खसरा नं. 8629/1, कुल रकबा-0.03 हेक्टेयर में से 0.01 हेक्टेयर=1040 वर्ग फीट क्रय किया, आवासीय भवन निर्मित। |
| 2. | आस महमद पिता स्व. मोहम्मद यासीन मियां निवासी-प्लाट नं.-5, सड़क-4 राधिका नगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती कुन्ती स्वर्णकार पति श्री प्रेम चन्द्र स्वर्णकार, निवासी-148/बी, मैत्री विहार, कोहका, सुपेला, भिलाई, तह.व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | राधिका नगर आवासी योजना भिलाई, अन्दर भाग (वार्ड क्रमांक-04, राधिका नगर), भिलाई ब्लाक क्रमांक-04, भूखंड क्रमांक-05, क्षेत्रफल-78.75 वर्गमीटर आवासीय भवन निर्मित। |
| 3 | चौहान टाउन-I, टाउन-III, चौहान हाउसिंग कंपनी, 'चौहान ग्रीन वैली', अपोजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, पार्टनर-श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत (दीपेश्वर) चौहान निवासी-राजीव नगर, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1. श्री रणधीर सिंह, आ. श्री जगत नारायण सिंह, 2. श्रीमती सुषमा सिंह ध.प. श्री रणधीर सिंह, निवासी-फ्लैट नं.-10, ब्लाक-A11, तृतीय तल, चौहान हाउसिंग कम्पनी, चौहान टाउन-I, टाउन-III, चौहान ग्रीन वैली, जुनवानी रोड, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड क्र. 01 चौहान हाउसिंग कंपनी, 'चौहान ग्रीन वैली, चौहान टाउन-I, फेस-III, चौहान' अपोजिट चौहान टाउन जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं. 10, तृतीय तल, ब्लाक- "A11", क्षेत्रफल-595.00 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 4 | श्रीमती नलिनी बारसागढ़े, ध.प. श्री अशोक कुमार बारसागढ़े, सा. मकान नं. ए-22, कर्मचारीनगर, सिकोला भाठा, दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) से सतीश कुमार सिंह, आ. श्री दृग पाल सिंह, सा.-म.नं.180, टाटालाईन, सूर्य नगर, बी.एस.पी. अस्पताल के पास, केम्प-2, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती कुन्ती स्वर्णकार, ध.प. श्री प्रेमचंद स्वर्णकार, सा.-प्लाट नं. 24, सेंट जेवियर्स स्कूल के पीछे, कृपाल नगर, कोहका भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, फरीदनगर कोहका वार्ड, वार्ड नं. 07, मैत्री विहार अंदर भाग, भिलाई, खसरा नं. 2628/145 प्लाट नं.-148, रकबा-2970 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 5 | रामबुड्डी जनार्दन, आ. श्री गौरेय्या, निवासी- क्वा.नं. 1/आई, सड़क नं. 87, सेक्टर-06, भिलाई, वर्तमान पता-ब्लाक 04 डी, सड़क 09, सेक्टर-06, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती सरला साहू ध.प. श्री डेविड कुमार साहू, निवासी-क्वा. नं.-11/बी, सड़क नं-17, सेक्टर 05, भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका रानी अवंती बाई कोहका, वार्ड नं. 08, शिक्षक नगर अंदर भाग, भिलाई, खसरा नं. 1318/64, 1319/64 शामिलात, प्लाट नं. 97 का भाग, रकबा-1000 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 6 | चौहान हाउसिंग (चौहान ग्रीन वैली), अपोजिट-चौहान टाउन, खम्हरिया व जुनवानी, भिलाई प्रोपराईटर- श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान, निवासी-राजीव नगर भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्री ज्ञानेन्द्र कुमार, आ. श्री आत्मा राम, निवासी-फ्लैट नं. 13, ब्लॉक-डी11, द्वितीय तल, 'चौहान हाउसिंग', चौहान ग्रीन वैली, खम्हरिया, जुनवानी, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड नं. 01 'चौहान हाउसिंग' चौहान ग्रीन वैली अपोजिट-चौहान टाउन खम्हरिया एवं जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं. 13, द्वितीय तल, ब्लाक "D11", क्षेत्रफल-663.27 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित |

उपायुक्त (संपत्तिकर)




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23